जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ■ अंक 04 ■ सितम्बर 2025 ■ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति



## सामूहिक गोठ एवं महेश मेला हर्षोल्लास से सम्पन्न

64 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...

# माहेश्वरी चाय

आपके कप की चाय

माहेश्वरी चाय®
स्थापित-1961

लाल रंग की चुनरी से सजा माँ का दरबार, हर्षित हुआ मन, पुलकित हुआ संसार,
नन्हें कदम से माँ आये आपके द्वार, इस नवरात्री आपको मिले खुशियां हज़ार



## नवरात्रा स्थापना
### की हार्दिक शुभकामनाएं

आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय




SIDDHI

**माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि.**, जयपुर (राज.) फोन : 0141 - 2740919, 2312723
contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com
www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

वर्ष 16 | अंक 4 | सितम्बर, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984
2621644
2623500
2621100

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA
प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

**परामर्श मंडल**
देवेन्द्र झंवर
चन्द्रमोहन शारदा
श्रीकिशन अजमेरा
नारायण लाल परतानी
बिट्ठल चौधरी
रमेश मूंदड़ा ( पूर्व पार्षद )
विमल लढ्ढा
संजय कचोलिया
अखिल माहेश्वरी ( शकुन ग्रुप )

**सह-संपादक**
राजेन्द्र मूंधड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
महेश मालपानी ( हरमाड़ा )
डॉ. सुनीता पेड़ीवाल
श्रुति लाहोटी

**संपादकीय टीम**
अरुण मंत्री
हेम प्रकाश बाहेती
कमल पेड़ीवाल
पुरुषोत्तम लढ्ढा
मंजू मंत्री
सुमन साबू ( मुरलीपुरा )
मितेश चितलांग्या
पुरुषोत्तम काबरा
नरेश झंवर

**विज्ञापन संयोजक**
रामकृष्ण बागला

**विज्ञापन सहसंयोजक**
महेश परवाल (MTC)
श्रीकिशन मालपानी
कमल किशोर मंत्री
अनिल नोवाल
अशोक लढ्ढा
रेखा बिड़ला
नीलेश भूतड़ा

**विज्ञापन संकलन टीम**
दामोदर अटल
भगवान जाजू
शिव मूंदड़ा
राकेश झंवर ( बंबाला )
लक्ष्मीकांत बांगड़
रघुनन्दन राठी
सुभाष भारती खटोड़
विमल राठी
आलोक लढ्ढा


विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री
98281-12198


मोहन तोषनीवाल
प्रधान संपादक
94613-01917


मधु भूतड़ा 'अक्षरा'
संपादक
98281-53965


प्रिंसा बांगड़
संयोजक
99115-00431

सीए. रोहित माहेश्वरी - महामंत्री द्वारा
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
सेवा त्याग सदाचार
वर्षों की विरासत

## संपादकीय

**यह माहेश्वरी पत्रिका मात्र शब्दों का संकलन नहीं,**
**यह है समाज का प्रतिबिंब सजीव और पूर्ण समर्पण।**
**हर पृष्ठ पर झलकती संस्कृति, और हर शब्द में छुपे संस्कार हैं**
**यह दिनों-दिन उन्नति एवं प्रगति का गढ़ता नव आकार है**
**मात्र कागजों का नहीं माने इसे पुलिंदा**
**यह पत्रिका परंपरा, पहचान और प्रगति की सुदृढ़ आधार है।**

यह मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि मुझे समाज की प्रथम महिला संपादक के रूप में यह दायित्व सौंपा गया है। यह निर्णय केवल एक नामांकन नहीं, बल्कि समाज के सौ वर्षों की गौरवशाली परंपरा में एक नवयुग का शुभारंभ है।

यह हमारे समाज की दूरदर्शिता और समावेशी सोच को दर्शाता है, जो नारी गरिमा को समाज में स्थापित करता है। यह नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस और प्रेरणादायक कदम है।

पत्रिका का उद्देश्य केवल सूचनाएं देना नहीं है,

बल्कि समाज के शैक्षणिक, रचनात्मक, कलात्मक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रयासों को पारदर्शी और उत्तरदायित्व के साथ प्रस्तुत करना है।

यह प्रयास तभी सफल होगा जब समाज का हर वर्ग विशेषकर महिलाएं और युवा अपना सहयोग और सुझाव देंगे, साथ ही पत्रिका के माध्यम से सशक्त संवाद को गतिशीलता देंगे, जो समाज के नवविकास की प्रेरणा बनेगी।

### संस्कृति, धर्म और उत्सव - हमारी पहचान

इस नवरात्रि, दशहरा और करवा चौथ जैसे पावन पर्वों पर हम न केवल देवी शक्ति और नारी सशक्तिकरण का सम्मान करते हैं, बल्कि यह अवसर है, अपने सनातन धर्म, संस्कार और सनातन के मूल्यों को सहेजने और उन्हें अगली पीढ़ियों तक पहुँचाने का।

- नवरात्रि हमें बताती है कि शक्ति हमारे भीतर है।
- दशहरा यह सिखाता है कि सत्य की जीत निश्चित है।
- करवा चौथ हमें संबंधों की पवित्रता, प्रेम और परंपरा का बोध कराता है।

यह पत्रिका भी ऐसे ही पर्वों की तरह है, जो समाज को जोड़ती है, जागरूक करती है और एक दिशा प्रदान करती है।

आइए, इस पत्रिका को हम सब मिलकर समाज के आत्मा की आवाज बनाएं। हम सब मिलकर एक नव-विकसित, जागरूक और समरस समाज की ओर अग्रसर हों।

हर पृष्ठ में समाज की अनूठी महक। हर शब्द में भविष्य की झलक।

जरूर पढ़िए इस बेहतरीन पत्रिका को अंतिम तक...!

सभी बंधुओं को हृदय तल से मंगलकामना!

मधु भूतड़ा 'अक्षरा'


भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण करायें
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
PARTANI CLINIC
MISSO Planner
Robotic Arm
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षों का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षों का सफल अनुभव
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501

# समाज सेवा और विकास की ओर ठोस कदम

प्रिय समाज बंधुओं,

सादर वंदन,

माहेश्वरी समाज, जयपुर का 59वाँ गोठ और मेला मेरे लिए बेहद विशेष रहा। इस भव्य आयोजन में समाज के सभी वर्गों का जो उत्साह और आत्मीयता देखने को मिली, वह हमारी एकता और परंपरा की सच्ची झलक थी। इस सफलता का श्रेय हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं और उदार दानदाताओं को जाता है, जिन्होंने तन-मन-धन से सहयोग देकर इस सपने को साकार किया। वास्तव में, उनकी निस्वार्थ सेवा भावना ही इस आयोजन की सच्ची नींव रही।

अध्यक्ष का दायित्व मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज की सेवा का अवसर है। यह सम्मान जितना बड़ा है, उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी अपने साथ लाता है। जब मैंने यह जिम्मेदारी संभाली थी, तब मैंने संकल्प लिया था कि हम सब मिलकर समाज की प्रगति और कल्याण के लिए ठोस और सार्थक कदम उठाएँगे।

पिछले महीने हमने स्वास्थ्य, शिक्षा, सामुदायिक ढाँचे और रोजगार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों की शुरुआत की। डायग्नोस्टिक सेवाओं में छूट को बढ़ाना हो, अटकी हुई परियोजनाओं को पुनः गति देना हो, या फिर आने वाले समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों और सामुदायिक केंद्रों की योजना बनाना हो- हर कदम पर हमारी कोशिश यही रही कि समाज के हर सदस्य को इसका लाभ मिल सके।

हम यह भी समझते हैं कि बड़े सपनों की ओर बढ़ते हुए छोटे-छोटे लक्ष्य पूरे करना जरूरी होता है। यही कारण है कि हर पहल में पारदर्शिता और सहभागिता को सबसे आगे रखा गया, ताकि समाज का हर व्यक्ति अपने को इस यात्रा का हिस्सा महसूस करे।

आज जब मैं पीछे मुड़कर इन प्रयासों को देखता हूँ, तो संतोष के साथ-साथ यह भी महसूस करता हूँ कि यह तो बस शुरुआत है। आगे का रास्ता लंबा है और हमारी मंजिल समाज की निरंतर उन्नति है। इस यात्रा में आपका विश्वास और सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

आपका स्नेह और समर्थन हमेशा इसी तरह बना रहे, यही मेरी कामना है।

जय श्री कृष्णा



**उमेश सोनी**

अध्यक्ष

समाज की शक्ति है
एकता और सहयोग,
सद्भाव व संस्कार
ही हैं हमारे योग।
आओ मिलकर प्रगति
की राह बनायें,
माहेश्वरी समाज का
नाम जगमगायें।

# At 265 DEGREE CONSULTANTS, we offer India's most structured, scientific approach to VASTU.



**CALL FOR APPOINTMENT**
+91-9782549090
+91-9929811117

**Struggling with stress, slow growth, or bad vibes at home or work?
It could be your VASTU. Here's how we fix it — *without breaking a single wall!***

## 7 SIMPLE STEPS TO SET YOUR SPACE RIGHT:

1. Share your floor plan & Google location.
2. We do a 20+ point Vastu check
3. Suggest easy, practical fixes (no demolition!)
4. Guide you on interiors & colours
5. Use your birth details for personalized AstroVastu
6. Visit to install metal remedies & Manjusha Kalash
7. See the shift — in health, money, mood & energy

**INSTAGRAM**
@265degreeconsultants

**WEBSITE**
www.265degreeconsultants.com

**PAN-INDIA**
Online & On-Site Consultations Available

**TRUSTED BY HOMEOWNERS, ENTREPRENEURS, BUILDERS, AND INDUSTRY LEADERS ACROSS INDIA.**

- **No breaking walls.**
- **No big changes.**
- **Just smart Vastu corrections.**

Send us your floor plan and we'll guide you from there!

# भविष्य के लिए समाज को तैयार करना हमारा उद्देश्य

प्रिय समाज बंधुओं,
सादर नमस्कार,

**नवरात्रि की हार्दिक बधाइयां और मंगलकामनायें।**

आइये इस नवरात्रि एक नई शुरुआत करते हैं,
कुछ बातें हो गई हैं पुरानी,
आज हम मिलकर एक नई बात करते हैं,
समाज के साथ आगे बढ़ना है,
चलो आज फिर एक नया बदलाव करते हैं।

नवाचार की श्रृंखला में आपके लिये कुछ सौगातें प्रस्तुत हैं :-

1. **समाज के Mobile Application का कार्य प्रगति पर :**
   ऐसा MobileApp, जहाँ समाज बंधुओं के परिवार और व्यापार, दोनों से आप एक साथ जुड़ पाएंगे और सभी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। साथ ही साथ अपना डाटा आप स्वयं (OTP के माध्यम से ) अपडेट कर पायेंगे।
2. **Diwali Quiz का आयोजन :**
   जाने माने मीडिया समूह के साथ Diwali Quiz का दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को MPS जवाहर नगर के तक्षशिला ऑडिटोरियम में आयोजन किया जा रहा है। इसका पंजीयन आप निम्न QR के माध्यम से कर सकते हैं।
3. **Varied Interest Group formation :**
   लोगों की विभिन्न रुचियों को ध्यान में रख कुछ नये समूह का सृजन किया जा रहा है, जिसमें आप अपनी रुचिनुसार भाग ले सकते हैं। जैसे Book Readers, Karoke Singing, AI & Business Tools, Business Idea Generators, Authors & writer इसके लिये पंजीयन आप निम्न QR के माध्यम से कर सकते हैं।
4. **Maheshwari Business Forum :**
   एक ऐसे व्यापार प्रोत्साहन समूह का सृजन, जहाँ हम एक दूसरे से व्यापार हेतु खुल के चर्चा कर पायेंगे और अपना व्यापार भी बढ़ा पायेंगे। इस के माध्यम से हमें न सिर्फ जयपुर, वरन दूसरे शहरों में भी व्यापारिक जुड़ाव मिल सकेगा।

हम, आपके साथ मिल कर समाज को आने वाले कल के लिये तैयार करना चाहते हैं, जहाँ खुशहाली, समृद्धि, शांति, पारस्परिक प्रेम और विश्वास हो। इसके लिये आपके सुझाव, कार्यान्वयन रोड मैप के साथ सादर आमंत्रित हैं।

आपका अपना,

सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )
msjmahamantri@gmail.com



सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)
महामंत्री

QR for suggestions

आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053
Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**

G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039
M: +91 93524 79947

# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

## मन के दीप, शब्दों की बाती से



**स्नेहलता साबू**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्



**ज्योति हुरकट**
सचिव
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

जय श्री कृष्ण,

यह मेरे लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य की बात है कि आप सभी के विश्वास, समर्थन और स्नेह से मुझे श्री माहेश्वरी महिला परिषद् की अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह पद केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की हर बहन-बेटी की आशा, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की प्रतिनिधि है।

हमारा समाज तब ही सशक्त और प्रगतिशील बन सकता है जब हमारे समाज की महिलाएँ शिक्षा, संस्कार, सेवा और सहयोग के मूल्यों को आत्मसात् करते हुए एकजुट होकर आगे बढ़ें।

मेरा यह दृढ़ संकल्प है कि परिषद् के माध्यम से हम नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए ठोस पहल करेंगे, चाहे वह शिक्षा के नए अवसर हों, सामाजिक उत्थान के कार्यक्रम हों या युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण।

आज का युग युवाशक्ति का है, और युवतियों में जो ऊर्जा और नई सोच है, उसे सही दिशा देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। परिषद् को एक सशक्त मंच बनाकर हम हर महिला को उसकी भूमिका और क्षमता के प्रति जागरूक करना चाहते हैं।

आप सभी का सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी पूँजी है। समाज की प्रगति, एकता और सेवा में अपनी सक्रिय भूमिका निर्वाह करते हुए आप सभी से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा रखती हूँ।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

### प्रिय समाजबंधुओं एवं नवयुवक साथियों,

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल का उद्देश्य केवल कार्यक्रमों का आयोजन भर नहीं है, बल्कि यह युवाओं के लिए एक ऐसा सशक्त मंच है जहाँ वे अपनी ऊर्जा, उत्साह और प्रतिभा को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में लगा सकें। आज का युग अवसरों और चुनौतियों का युग है। शिक्षा, तकनीक और नवाचार के साथ आगे बढ़ते हुए हमें अपने संस्कार, परंपरा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को कभी नहीं भूलना चाहिए।

युवा शक्तिसमाज की सबसे बड़ी पूँजी है। यदि यह शक्ति संगठित हो, तो असंभव भी संभव हो सकता है। आज आवश्यकता है कि हम सब मिलकर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें, एक-दूसरे का सहयोग करें और एक नई दिशा तय करें।

मण्डल सदैव प्रयासरत है कि युवाओं को अवसर मिले-चाहे वह सांस्कृतिक हो, शैक्षणिक हो या सामाजिक सेवा का। आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देना ही हमारी असली उपलब्धि होगी।

आओ, हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहाँ शिक्षा, संस्कार, सेवा और संगठन की चारों धरोहरें मजबूत नींव की तरह खड़ी हों। यही हमारी एकता और प्रगति का आधार है।



**सीए. अखिल भाला**
अध्यक्ष



**सीए. प्रवीण परवाल**
सचिव

# आरोग्यम्

## A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से

### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।











### उपचार सुविधाएँ

गर्म ठण्डा सेंक | मिट्टी पट्टी | सर्वांग मिट्टी लेप | कटि स्नान

रीढ़ स्नान | गर्मपाद स्नान | भाप स्नान

आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश | एक्यूप्रेशर | आहार चिकित्सा

शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति | फिजियोथैरेपी

वैक्स बाथ | चुम्बक चिकित्सा | चादर लपेट

### उपचार दरें

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 | वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 | आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 | सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 | फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 | फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [साप्ताहिक-6 दिन] | ₹ 500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 | | |

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट) योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

# दुर्गा दुर्गाति नाशिनी दुर्गा देवी नमोस्तुते।
# दुर्गा दुर्गापरायणी दुर्गा देवी नमोस्तुते।।



विविधताओं में एकता का देश है भारत। यहाँ की सभ्यता, संस्कृति व त्यौहार विश्व प्रसिद्ध हैं। यहाँ प्रत्येक दिन एक त्यौहार है जिसे पूर्ण उल्लास व उत्साह के साथ मनाया जाता है।

अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होकर विजयादशमी तक मनाया जाने वाला त्यौहार है नवरात्रि।

नवरात्रि अर्थात 'नव रात्रियों का समूह' हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्यौहार, जो माँ दुर्गा की आराधना और पूजा के लिए मनाया जाता है। यह त्यौहार शक्ति पूजा, सामाजिक एकता, आध्यात्मिक शुद्धि के साथ इन्द्रियों के संयम और आध्यात्मिक शक्ति के संचय का प्रतीक है।

माना जाता है कि हमारे जीवन में तीन तरह के ताप होते हैं- आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक। इन तापों से मुक्ति पाने का साधन नवरात्रि है।

माँ दुर्गा जिन्हें आदि शक्ति, परम भगवती परब्रह्म बताया गया है। जो अंधकार व अज्ञानता रूपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामयी, मोक्ष प्रदायनी तथा कल्याणकारी हैं। माना जाता है कि नवरात्रि में माँ दुर्गा का पृथ्वी पर आगमन अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए होता है।

नवरात्रि के पीछे एक प्राचीन कथा है। बात उस समय की है जब राक्षस महिषासुर के अत्याचार चरम सीमा पर पहुँच चुके थे।

ब्रह्मा जी ने महिषासुर को वरदान दिया था कि कोई भी पुरूष या देव उसका वध नहीं कर सकता। महिषासुर के अत्याचारों को रोकने के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने आदि शक्ति का आह्वान किया जिसके बाद मां आदिशक्ति देवी दुर्गा के रूप में प्रकट हुई। नौ दिनों तक देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच भयंकर युद्ध हुआ। 10वें दिन मां दुर्गा ने दुष्ट राक्षस महिषासुर का वध कर दिया। तभी से माँ दुर्गा का एक और नाम महिषासुर मर्दिनी पड़ा।

उस समय अश्विन माह था अत: इस समय नौ दिन के नवरात्रि मनाए जाते हैं। नवरात्रि के इन 9 दिनों में सभी लोग अपने- अपने तरीकों से माँ दुर्गा की आराधना करते हैं।

इस अवसर पर घरों की साफ-सफाई की जाती है, सजाया जाता है तथा आवश्यक पूजन सामग्री का प्रबंध किया जाता है। ब्रह्म मुहूर्त प्रात: 4 से 6 बजे का समय पूजा के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

लोग प्रात: स्नान कर साफ-सुथरे वस्त्र धारण करते हैं व परिवारजनों के साथ पूजा, मंत्र, जप, ध्यान व योग आदि के माध्यम से देवी दुर्गा की आराधना करते हैं। पूजा के बाद 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' जैसे मंत्रों का जाप भी किया जाता है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

इन 9 दिनों में अपनी श्रद्धानुसार लोग व्रत व उपवास रखते हैं।

नवरात्रि के दिनों में लोग साथ मिलकर गरबा नृत्य भी करते हैं। गरबा शब्द संस्कृत के 'गर्भ' शब्द से लिया गया है. जैसे एक शिशु 9 महीने माँ के गर्भ में होता है, वैसे ही हम ईश्वर के गर्भ में होते हैं। गरबा व डांडिया के लिए विभिन्न आयोजन रखे जाते हैं, जिनमें विशेषतौर पर युवा वर्ग पूर्ण जोश व उल्लास के साथ भाग लेते हैं।

माँ दुर्गा के 9 रूप विभिन्न शक्तियों के प्रतीक हैं, जिनका आह्वान करके भक्ति के चर्मोत्कर्ष को प्राप्त किया जा सकता है।

### 1.शैलपुत्री

नवरात्रि का पहला दिन माँ शैलपुत्री, पहाड़ की पुत्री, हिमालय की बेटी के रूप में पूजा जाता है। यह दिन **सफेद रंग व घी से बने सफेद व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है। शैलपुत्री माँ का वाहन वृषभ तथा त्रिशूल अस्त्र है। इनकी पूजा से जीवन में स्थिरता और शक्ति आती है। यह हमें सिखाती हैं कि नारी पर्वत जैसी दृढ़ और अडिग है। समाज को चाहिए कि बेटियों को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनने का अवसर प्रदान करें।

### 2.ब्रह्मचारिणी

तपस्या में लीन, ब्रह्म की आराधिका के रूप में दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी माँ की पूजा की जाती है।

यह दिन **लाल रंग व शक्कर से बने व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है। इनका वाहन हंस तथा अस्त्र कमंडल और रुद्राक्ष है। ब्रह्मचारिणी की पूजा से जीवन में तपस्या और संयम आता है। तप और संयम की देवी हमें बताती हैं कि शिक्षा और आत्मसंयम से ही नारी सशक्त हो सकती है। हर लड़की को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए।

## 3.चंद्रघंटा

चंद्रमा की घंटी की तरह चमकते हुए रूप में तीसरे दिन चंद्रघंटा माँ की पूजा की जाती है।

यह दिन **नीले रंग व दूध से बने व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है। इनका वाहन शेर तथा अस्त्र धनुष और बाण है। चंद्रघंटा की पूजा से जीवन में शांति और सुख आता है। साहस और वीरता की प्रतीक चंद्रघंटा माँ यह सिखाती हैं कि आत्मरक्षा के गुण सिखाकर नारी को भयमुक्त वातावरण में जीना सिखाया जा सकता है।

## 4.कुष्मांडा

कुम्हड़े की तरह फूलने वाले रूप में चौथे दिन माँ कुष्मांडा की पूजा की जाती है। यह दिन **पीला रंग व मालपुआ व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है।

इनका वाहन सिंह तथा अस्त्र धनुष और बाण है। कुष्मांडा की पूजा से जीवन में संपन्नता और समृद्धि आती है सृजन और ऊर्जा की देवी। यह याद दिलाती हैं कि नारी ही संसार की जननी है। उसका सम्मान करना सम्पूर्ण मानवता का सम्मान है।

## 5.स्कंदमाता

कार्तिकेय की माता के रूप में पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा की जाती है। यह दिन **हरे रंग व केले से बने व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है।

इनका वाहन मोर तथा अस्त्र कमंडल है। स्कंदमाता की पूजा से जीवन में संतान की प्राप्ति और सुख आता है मातृत्व और करुणा की प्रतीक माता यह सिखाती है कि हर नारी के मातृत्व का आदर करना, उसके प्रति संवेदनशील होना समाज का कर्तव्य है।

## 6. कात्यायनी

कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में छठे दिन कात्यायनी माँ की पूजा की जाती है।

यह दिन **भूरे रंग व शहद से बने व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है।

इनका वाहन शेर तथा अस्त्र तलवार और ढाल है। कात्यायनी की पूजा से जीवन में शक्ति और साहस आता है। न्याय और विजय की देवी हमें प्रेरणा देती हैं कि अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना नारी का अधिकार है, और समाज को उसका समर्थन करना चाहिए।

## 7. कालरात्रि

काली रात की तरह अंधकार को नष्ट करने वाले रूप में सातवें दिन कालरात्रि माँ की पूजा की जाती है।

यह दिन **नारंगी रंग व गुड़ से बने व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है।

इनका वाहन गर्दभ तथा अस्त्र तलवार और ढाल है। कालरात्रि की पूजा से जीवन में सुरक्षा और शक्ति आती है। अंधकार और भय का अंत करने वाला यह स्वरूप सिखाता है कि नारी अपने क्रोध और शक्ति से अत्याचार का अंत कर सकती है। कानून में भी ऐसी शक्तियाँ व नियम होने चाहिए जो अपराधियों को कठोर दंड दे।



## 8. महागौरी

गौर वर्ण की महान शक्ति के रूप में आठवें दिन माँ महागौरी की पूजा की जाती है।

यह दिन **हल्के हरे रंग व नारियल से बने व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है।

इनका वाहन वृषभ है तथा अस्त्र त्रिशूल और डमरू है। महागौरी की पूजा से जीवन में शुद्धता और सौंदर्य आता है। शांति और पवित्रता की देवी हमें प्रेरित करती है कि नारी के सम्मान और गरिमा की रक्षा करना हर व्यक्ति का धर्म है।

## 9. सिद्धिदात्री

सभी सिद्धियों की दात्री के रूप में नौवें दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। यह दिन **गुलाबी रंग व हलवा, पूरी, चने के विशेष व्यंजन के भोग** लगाने का दिन माना जाता है।

इनका वाहन हाथी और अस्त्र चक्र और गदा है। सिद्धिदात्री की पूजा से जीवन में सिद्धि और सफलता आती है। ज्ञान और पूर्णता की देवी यह बताती हैं कि यदि नारी को अवसर मिले तो वह हर क्षेत्र में सिद्धि प्राप्त कर सकती है। समान अवसर और अधिकार देकर हम नारी को राष्ट्र की शक्ति बना सकते हैं।

ॐ सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।

आज के इस युग में जब समाज में नारी पर अत्याचार, शोषण, बलात्कार और भेदभाव की घटनाएँ बढ़ रही हैं, तब नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं रह जाता, बल्कि यह हमें स्मरण कराता है कि नारी कमजोर नहीं, बल्कि शक्ति का स्वरूप है।

नवरात्रि में तन की शुद्धि के साथ मन का शुद्धिकरण भी अत्यंत आवश्यक है।

माँ दुर्गा के नौ रूप केवल पूजन के लिए नहीं, बल्कि नारी और समाज दोनों के लिए आदर्श और मार्गदर्शन का स्रोत हैं।

नवरात्रि हमें यह सिखाती है कि नारी केवल पूजा का विषय नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा की अधिकारी है। जब तक समाज में बेटियों को भयमुक्त जीवन, शिक्षा, समान अवसर और न्याय नहीं मिलेगा, तब तक नवरात्रि का वास्तविक उद्देश्य अधूरा रहेगा।

माँ दुर्गा के नौ स्वरूप हमें यह संदेश देते हैं कि नारी में शक्ति, भक्ति, करुणा, साहस और ज्ञान सभी मौजूद हैं। आवश्यकता है तो केवल उन्हें पहचानने और उन्हें समान अधिकार देने की। यदि हर समाज नारी को देवी का रूप मानकर उसका सम्मान करे, तो देश से अत्याचार और शोषण स्वत: ही समाप्त हो जाएंगे।

जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।

आप सभी को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ।



सुनीता अजमेरा ( सीताबाड़ी )




करवा चौथ गणगौर और सातुडी तीज जैसे ही सुहागिनों द्वारा सौभाग्य के लिए किया जाने वाला त्यौहार है। ये त्यौहार महिलाएं बड़ी श्रद्धा से मनाती हैं।

## 'सास बहू के संबंधों की मिठास का त्यौहार'

कार्तिक पूर्णिमा के बाद तृतीया तिथि से इस त्यौहार की शुरुआत होती है। त्यौहार की शुरुआत में ही सास बहू के संबंधों की मिठास का अनुभव होता है। तृतीया तिथि के दिन सास अपनी बहू को स्वर्ण आभूषण, साड़ी, सुहाग का सामान और पकवान भेंट करती है। वह बहुत अधिक प्रसन्न है क्योंकि दूसरे दिन बहू उसके बेटे की लंबी उम्र के लिए व्रत करने जा रही है। वह अपनी प्रसन्नता उपहार के रूप में व्यक्त करती है और यह उपहार सिर्फ उपहार नहीं बहू के लिए अखंड सुहाग का आशीर्वाद है, बहू के प्रति आत्मिक प्रेम है। पकवान बनाकर इसीलिए खिलाती है क्योंकि कल दिनभर बहू को निर्जला व्रत करना है। एक दूसरे की भावनाओं को दिल की गहराइयों से महसूस करना ही त्यौहार है।

## करवे का महत्व

इस त्यौहार में प्रमुखता से करवे की पूजा होती है। चौथ माता मांडकर उनके सामने मिट्टी का करवा भरा जाता है। करवा मिट्टी से बना है और उसमें जल भरा है अभी बारिश हुई है। जमीन लचीली है, जल के संसाधन नदियां तालाब हुए लबालब भरे हैं। हम स्त्रियों को गृहस्थी चलाने के लिए लचीली तो बनना ही है और जल की शीतलता भी ग्रहण करना है। करवे पर रखी शक्कर कह रही है हम लचीले और शीतल हैं तो जीवन में मिठास ही मिठास है। साथ ही हमारा शरीर मिट्टी और जल से बना है। इस दिन निराहार रहकर पंचतत्व को सक्रिय कर शरीर को पुष्ट करना है।

## 'धन-धान्य और बड़ों का सम्मान'

पूजा सामग्री में रखा अनाज गेहूं, चावल, बाजरा भिन्न-भिन्न प्रदेशों की आई फसल की प्रसन्नता का प्रतीक है। कृषि हमारा मुख्य व्यवसाय रहा है। अभी-अभी फसल आई है। जिस प्रदेश में जो धान्य प्रमुखता से होता है वह पूजा में रखा जाता है। मिट्टी और जल ने हमें धान्य देकर धन्य किया है। इस धान्य से धन भी मिला है। क्योंकि स्त्रियां गृह लक्ष्मी हैं इसलिए इस धान्य को सुहागन स्त्रियां कुछ रुपए रखकर अपनी सास को देती हैं जिसे राजस्थान में कल्पना कहते हैं। यदि गहराई में उतरकर देखा जाए तो यह धान्य और घर के बड़े बुजुर्ग दोनों का सम्मान है, उनके प्रति कृतज्ञता है। उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से यह एहसास कराया जाता है कि जब तक आप हैं तब तक धान्य और इससे प्राप्त धन पर आपका अधिकार है। यह हमें आपसे ही मिला है।

## सोलह श्रृंगार का महत्व

इस त्यौहार में स्त्रियां 16 श्रृंगार करके करवे की पूजा करती हैं चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं। सोलह सिंगार और चंद्र मिलकर स्त्रियों के मन को बल देते हैं। यह श्रृंगार सिर्फ श्रृंगार नहीं है यह तो एक्यूप्रेशर के ऐसे बिंदु हैं जो उन्हें स्वस्थ रखते हैं।



इस दिन सर धोकर सिर गूंथा जाता है। हमने अपनी दादी नानी को देखा है। वह सर के बीच में जहां चोटी रहती है थोड़े से बाल लेकर एक चोटी बनातीं और उसके आसपास कई चोटियां बनातीं। यह चोटियां उन्हें ज्ञान, भक्तिप्रदान करती हैं। सर पर बंधा बोर, शिव के चंद्र जैसा उनके मस्तिष्क को शांत रखता है। बिंदी शिव के त्रिनेत्र जैसी पूर्वाभास कराती। हाथ में पहनी चूड़ियां नाड़ी दोष कम करतीं, कमरबंद कमर से नीचे के सब रोगों को नियंत्रित करता। हाथ में लगी मेहंदी और गजरे में लगे फूल की महक मन को महका देती।

## ⟨ कहानी ⟩

कथा कहानी हमारे संबंधों को प्रगाढ़ करने की बुनियाद है इस व्रत की कहानी इस प्रकार है-

**1.** प्रथम कहानी दाम्पत्य को मजबूत करती है। करवा नाम की स्त्री अपने पति से बहुत प्रेम करती थी। एक दिन नदी में मगरमच्छ ने उसके पति का पैर पकड़ लिया। उस आत्मबल और शरीरबल से मजबूत स्त्री ने सूत से लपेटकर मगरमच्छ को पेड़ से बांध दिया। यमराज आए यमराज से लड़कर अपने पति का पैर छुड़वाया, यमराज को पति की जगह मगरमच्छ को मारना पड़ा।


**2.** द्वितीय कथा में भाई बहनों के प्रगाढ़ संबंध और आशीर्वाद के महत्व को बताया गया। सात भाइयों की बहन ने करवा चौथ का व्रत किया। भाइयों को बहन का निर्जल रहना बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अग्नि से चालनी द्वारा नकली चांद बनाकर बहन का व्रत छुड़वाया। वहां ससुराल से बहन के पति की मृत्यु के समाचार आए। घर के बड़े बुजुर्गों ने बेटी को विदा करते हुए कहा- रास्ते में सभी बड़ों से आशीर्वाद लेते जाना। बेटी रास्ते में जो मिलते उनके पैर पड़ती और आशीर्वाद पाती सदा सुहागन रहो। वहां ससुराल पहुंची तो पति को मृत पाया। सभी से अनुनय विनय करके पति को वर्ष भर लेप में लपेट कर रखा। अगली करवा चौथ को पति जीवित हो गया।

## वैज्ञानिक महत्व

उपरोक्त कथा यह सिद्ध करती है कि हमारे पूर्वज शव को सुरक्षित रखने की विधि जानते थे। उनके पास विज्ञान था। आशीर्वाद और श्राप का महत्व भी उन्हें मालूम था। करवा चौथ जिस मास में आता है वह सुहानी ऋतु है औषधि के लिए महत्वपूर्ण है जल की अधिकता वाले शरीर में कभी अम्ल पित्त बन जाता है तो निराहार उपवास उसे संतुलित कर देता है। शीतल चंद्र की किरणें पृथ्वी पर अपनी औषधि बिखेर रही हैं उन्हें ग्रहण करके अपने मन को परिपक्व करना है। कोई भी व्रत या उपवास हमें प्रभु के नजदीक ले जाता है और आत्म नियंत्रण सिखाता है।



-सुनीता महेश मल्ल


ATHENA BANQUET
Collaboration
Birthday Party
Wedding
Engagement
Conference
Business Meetings
ANGEL RESORT
Managed by Orange Hospitality
आपके खास दिन को और भी खास बनाने का वादा !
WATER PARK
LUXURY ROOMS
FACILITIES
ATHENA BANQUET
• 15 एकड़ में फैला यह लॉन अविस्मरणीय समारोहों के लिए एक अद्भुत स्थान प्रदान करता है।
• शानदार सुविधाएँ: 63सुसज्जित कमरे, निजी डेक क्षेत्र और स्विमिंग पूल के साथ।
• आकर्षक बैंक्वेट हॉल: 500 लोगों की क्षमता के साथ, हर आयोजन के लिए उपयुक्त साथ ही, 1000 मेहमानों के लिए भव्य हॉल भी उपलब्ध।
Contact Us:
Athena Banquet Jaipur
athenabyangelresort
Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas, Highway, Jaipur, Rajasthan 302013
7340019741 / 9119155556

# सनातन हिन्दुत्व और माहेश्वरी समाज

भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का मूल आधार सनातन है। यह केवल एक धर्म या पंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का संगम है। सनातन हमें सत्य, अहिंसा, सेवा, त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ता है।

इसी सनातन की धारा में माहेश्वरी समाज का योगदान विशेष उल्लेखनीय है। भगवान महेश (शिव) की कृपा से उत्पन्न यह समाज, हमेशा से धर्म, सेवा और संस्कृति के संवाहक के रूप में जाना जाता है।

## सनातन और माहेश्वरी समाज का संबंध

1. **धार्मिक आस्था :** माहेश्वरी समाज का नाम ही भगवान महेश से जुड़ा हुआ है। शिव की भक्ति, सरलता और संयम, समाज के जीवन मूल्यों में रचे-बसे हैं।
2. **सांस्कृतिक धरोहर :** सनातन की परंपरा में पर्व-त्योहार, संस्कार और धार्मिक आयोजन का विशेष महत्व है। माहेश्वरी समाज आज भी इन परंपराओं को बड़े उत्साह से निभाता है और नई पीढ़ी को संस्कारित करता है।
3. **सेवा की भावना :** सनातन का मूल मंत्र 'परहित' है। माहेश्वरी समाज ने शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसेवा, और समाज कल्याण में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।
4. व्यापार और नैतिकता : समाज का मुख्य आधार व्यापार और उद्योग रहा है, लेकिन यह व्यापार हमेशा धर्म, विश्वास और ईमानदारी पर आधारित रहा है। यह सनातन की धर्मार्थ परंपरा का ही जीवंत उदाहरण है।

सनातन और माहेश्वरी समाज का संबंध केवल परंपरा तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक आदर्श जीवन दर्शन है। सनातन ने जिस 'विश्व कल्याण' का मार्ग दिखाया है, माहेश्वरी समाज उसे अपने आचरण, सेवा और संस्कारों से निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

भविष्य की दिशा

आज के बदलते समय में आवश्यकता है कि माहेश्वरी समाज सनातन की जड़ों से जुड़ा रहकर आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करे। युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धर्म और समाज सेवा से जोड़ा जाए ताकि सनातन का प्रकाश हर घर और हर मन तक पहुँच सके।

**श्री माहेश्वरी पत्रिका द्वारा आने वाले अंकों में समाज के सभी बन्धुओं ओर नई पीढ़ी को सनातन ओर समाज के बारे में अच्छे विचार और लेख पढ़ने को मिलें इस लिए समाज प्रबुद्ध जन अपने लेख , इतिहास की जानकारी आदि हमें भेजें ताकि इसका लाभ समाज के हर वर्ग तक हम पहुँचा सकें जिसके महत्वपूर्ण बिंदु निम्न हो सकते हैं -**

**माहेश्वरी समाज की भूमिका, राष्ट्र निर्माण में भागीदारी, समाज सुधार और शिक्षा प्रसार, भारतीय संस्कृति और संस्कारों का प्रचार**

आपका

विजय सारड़ा

प्रचार मंत्री

## समाज 'अध्यक्ष' द्वारा गोठ स्थल पर दिये गये उद्‌बोधन के प्रमुख अंश

1. **स्वास्थ्य सेवाएँ :** डायग्नोस्टिक सेंटर में समाजबंधुओं को मिलने वाली 20% छूट को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 50% किया गया है। (कुछ टेस्ट छोड़कर)
2. **निर्माण नगर प्रोजेक्ट :** यह प्रोजेक्ट काफी समय रूका हुआ है। इसे नवरात्रों में पुनः प्रारम्भ करके आगामी एक वर्ष में पूर्ण कर समाज को समर्पित कर दिया जायेगा।
3. **गणपतपुरा भूमि :** इस भूमि पर प्रस्तावित माहेश्वरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं रिसर्च सेन्टर की व्यवहार्यता (viability) का परीक्षण कर शीघ्र ही वरिष्ठ समाजबंधुओं के साथ बैठकर उचित निर्णय लिया जायेगा। वर्तमान में अब तक इस भूमि का भू-रूपांतरण भी राज्य सरकार में लंबित है।
4. **आनंदम् सामुदायिक केंद्र :** जन उपयोग हेतु बनाए जा रहे इस भवन का निर्माण अंतिम चरण में है, इसे 15 जनवरी, 2026 को समाज को समर्पित कर दिया जायेगा। इसकी बुकिंग प्रारंभ की जा चुकी है।
5. **कुटीर उद्योग एवं रोजगार :** युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 7 सदस्यों की समिति का गठन किया गया है।
6. **भविष्य की शैक्षिक पहल :** आगामी पीढ़ियों की शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए, मुरलीपुरा और गांधीपथ वेस्ट में शिक्षण संस्थान हेतु जमीन क्रय किया जाना प्रस्तावित है। वहाँ प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक के विद्यालय स्थापित किए जाएंगे।
7. **मंदिर एवं सामुदायिक संरचना :** समाज के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों की सुविधा हेतु सीकर रोड पर श्री महेश मंदिर एवं सामुदायिक केंद्र/धर्मशाला के लिए 10-15 बीघा जमीन क्रय किये जाने की योजना प्रस्तावित है। उपर्युक्त भूमि की तलाश की जा रही है।
8. **विधान संशोधन :** जैसा कि सभी जानते हैं, पिछले समय में कुछ विवाद और न्यायालयीन मामले सामने आए। इनके समाधान और समाज के सुचारू संचालन के लिए 31 मार्च तक विधान संशोधन पूरा करने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए समिति का गठन किया जा चुका है।
9. **विवाद निस्तारण :** समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने गोठ स्थल पर मंच से अपने उद्‌बोधन में समस्त समाजबंधुओं के समक्ष अपील की कि समाज से संबंधित किसी भी विवाद का निस्तारण समाज की जाजम पर समाजबंधुओं की सहभागिता से ही किया जाना चाहिए। इसे न्यायालय में लेकर जाना समाज हित में उचित नहीं है। इस हेतु हमारी टीम सदैव तत्परता से किसी भी विवाद के निस्तारण के लिए सकारात्मकता से उपलब्ध रहेगी।
10. **घटती जनसंख्या :** माहेश्वरी समाज की घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि समाज की भावी पीढ़ी को मजबूत करने और परिवार परंपरा को सुरक्षित रखने हेतु समाज ने तीसरी संतान के जन्म पर सकारात्मक प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है।

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# ''उत्सव''

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

### पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण | किराया राशि |
|---|---|---|
| | **ब्लॉक ए** | |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित | 27000/- |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित | 72000/- |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/- |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) | 2500/- प्रति रूम |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, पूजा रूम, लॉबी सहित | 36000/- |
| | **ब्लॉक बी** | |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर | 27000/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित | 23000/- |

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।
★ सभी यूनिट्स का किराया रुपये 257000/- प्रतिदिन है। 18% अतिरिक्त देय है।

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**

### संचालन समिति (सत्र 2022–2025)

**उमेश सोनी** – अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित (माहेश्वरी) परवाल** – महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**विनोद कुमार तोतला** – चेयरमैन
**सुरेश कालानी** – सचिव
**घनश्याम भूतड़ा** – वाईस चेयरमैन (वित्त)
**रामसहाय मांधना** – सह सचिव
**सुनील बिहाणी** – भवन मंत्री
**विपिन तोतला** – कोषाध्यक्ष

सदस्य : एम.डी. बांगड़, गिर्राज प्रसाद सोढ़ानी, श्रीगोपाल भूतड़ा, कृष्ण कुमार राठी

# श्री घनश्याम दास जी मूंधड़ा को समाज संरक्षक बनाया



श्री माहेश्वरी समाज जयपुर की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से घनश्याम दास जी मूंधड़ा को समाज संरक्षक की उपाधि से अलंकृत किया। इस मौके पर समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री सीए. श्री रोहित माहेश्वरी (परवाल), महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, उपाध्यक्ष श्री कमल साबू, श्री पूनमचंद भाला, श्री निर्मल दरगड़ एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य, श्री बिहारीलाल साबू, पूर्व अध्यक्ष श्री बजरंग जाखोटिया, पूर्व उपाध्यक्ष श्री बजरंगलाल बाहेती एवं पूर्व महामंत्री श्री मनोज मूंधड़ा की उपस्थिति भी रही। ये उपाधि समाज के उन वरिष्ठ सदस्यों को दी जाती हैं, जिनका समाज को आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण योगदान रहा हो और जिन्होंने अपने सेवाओं से समाज का मान बढ़ाया हो।

## जीवन परिचय

समाज पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्री घनश्याम मूंधड़ा से भेंट



मधुर स्वभाव व आकर्षक व्यक्तित्व के धनी, अनुशासन पसंद, कुशल प्रशासक, प्रयासों में समर्पण भाव एवं निरंतरता रखने वाले श्री घनश्याम दास जी मूंधड़ा का जन्म स्व. श्री तुलसी दास जी के यहां 9 फरवरी 1946 को हुआ। प्रारंभिक स्कूली शिक्षा के बाद आपने B.E. (Mechanical) की डिग्री विशेष योग्यता सहित प्राप्त की।

आपने दांपत्य जीवन की शुरुआत श्रीमती पुष्पादेवी मूंधड़ा (सुपुत्री देशनोक कासट परिवार) के साथ की। आपके परिवार में 2 पुत्र एवं एक पुत्री है। आपकी पारिवारिक व्यवस्था संयुक्त परिवार की है। आप वर्ष 1970 से जयपुर में निवास कर रहे हैं।

आपने शिक्षा समिति (ECMS) के कार्यकलापों को अपने हाथ में लिया और MPS जवाहर नगर जैसी संस्था खड़ी की तथा अपने कुशल प्रबंधन और सम्पूर्ण समर्पित प्रयासों से MPS को एक ब्रांड के रूप में स्थापित किया और ECMS को एक नई दिशा प्रदान की। आपने तीन कार्यकाल बतौर शिक्षा महासचिव तथा दो कार्यकाल बतौर उपाध्यक्ष (शिक्षा) के तौर पर कुशलता पूर्वक पूर्ण किये हैं।

आप वर्ष 1985 से श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर से जुड़कर लगातार इसके सामाजिक संगठन में सदस्य व पदाधिकारी के रूप में दायित्वों का पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं।

### प्रमुख उल्लेखनीय योगदान

- MHS तिलकनगर की 1500 मीटर अतिक्रमित भूमि का कब्जा वापस प्राप्त कर इसके चारदीवारी करवाना।
- MGPS के लिए 1 रु प्रति मीटर की दर से जमीन आवंटन करवाना।
- उत्सव भवन के लिए जमीन आवंटन एवं उसके नक्शे व स्ट्रक्चरल डिजाइन का नियमन।
- प्रतापनगर मुख्य स्कूल भवन के लिए 10,000 मीटर भूमि का हाउसिंग बोर्ड से आवंटन करवाने तथा उसके नक्शे व स्ट्रक्चरल डिजाइन का नियमन करवाने में अहम् भूमिका।
- श्री कृष्णाधाम वृद्धाश्रम के लिए तत्कालिक सरकार से कुल 1 रु. मात्र में 1,000 गज जमीन आवंटन करवाने में अहम् भूमिका।
- बगरू में इंजीनियरिंग कॉलेज की परिकल्पना के साथ RIICO से जमीन के आवंटन तथा सम्पूर्ण प्रकल्प की कार्ययोजना बनाने में अहम् भूमिका। बाद में राजनैतिक कारणों से इंजीनियरिंग कॉलेज का ये प्रकल्प एक साधारण स्कूल में तब्दील हो गया।
- प्रतापनगर स्कूल से सटी 2,500 मीटर अतिरिक्त भूमि का हाउसिंग बोर्ड से आवंटन।
- MPS इंटरनेशनल स्कूल की परिकल्पना, कार्ययोजना बनाने, नक्शे, स्ट्रक्चरल डिजाइन आदि के नियमन करवाने में भूमिका।
- अभिनन्दन समाज जनोपयोगी भवन के लिए जमीन क्रय में अहम् भूमिका।
- ECMS के लिए आयकर में छूट के लिए प्रयास किया और आयकर में छूट हासिल की। राजस्थान प्रदेश में सर्वप्रथम किसी सोसाइटी को यह छूट प्राप्त हुई।
- सत्र 1993-95 में श्री कन्हैया लाल जी सारड़ा के अध्यक्षता में श्री सतीश जी लोईवाल के सहयोग से सरकार के 01.04.1993 के शिक्षा अधिनियम के अनुरूप प्रथम बार स्कूल मैनेजिंग कमेटी के चुनाव संपन्न करवाए और स्कूल मैनेजिंग कमेटी की रूलबुक बनाई।
- स्कूल संचालन की समस्त नियमावली, नोटशीट्स, स्टाफ के PF ESI, Attendance, Personal files आदि का रिकॉर्ड पूरी तरह नियमित किया।
- एक पूरी क्लास एक साथ बैठ सके/प्रयोग कर सके, इस प्रकार साइंस लैब की डिजाइन का क्रियान्वन।

### अन्य सामाजिक संस्थाओं से जुड़ाव:

- राजस्थान फाउंड्री एसोसिएशन का 10 वर्षों तक सचिव।
- MPS बीकानेर की स्थापना में सलाहकार एवं मार्गदर्शक।
- कोटा MPS एवं अजमेर MPS से निरंतर जुड़ाव।

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम




## आइए और खरीदिए बजाय खर्चीले फार्म हाउस के एक ऐसा फार्म हाउस जो आपको फार्म हाउस के आनंद के साथ साथ कमाई भी देगा, अर्थात वो आपका इनकम हाउस भी होगा। विश्वास नहीं हो रहा हो तो अन्य उपलब्ध जगहों/प्रोपर्टीज से तुलना या मिलान करके देखिए।

हम दे रहे हैं आपको 7 बीघा जमीन ( 21,000 गज) मय चारों ओर सीमेंट के 10 फिट ऊंचे पिलर्स और उन पर वायर नेट फेंसिंग से घिरा हुआ फार्म हाउस जिसमें 1300 पेड़ फलों के (जिनसे आपको इनकम चालू हो जायेगी पौध रोपण कम्प्लीट होने के तीसरे वर्ष से) और 200 पेड़ लाल चंदन के (जिनसे इनकम आयेगी पौध रोपण कम्प्लीट होने के दस से बारह वर्ष बाद) ऐसे कुल 1500 पेड, जिनको की 2 वर्ष तक का बड़ा करके दिया जावेगा, साथ ही 2700 स्क्वायर फिट मकान फार्म हाउस मालिकों के लिए और करीब 700 फीट मकान वहां रहने वाले माली के परिवार के लिए व करीब 250-250 फीट के दो कमरे खाद बीज, औजार और तैयार फलों इत्यादि के भंडारण के लिए ।

- फार्म हाउस मालिकों की 4 गाड़ियों की कवर्ड पार्किंग की व्यवस्था।
- CCTV कैमरे 15 दिन की चौबीसों घंटे की रिकार्डिंग सहित।
- बोरिंग सबमर्सिबल पंप सहित।
- सोलर आधारित उचित बैटरी बैकअप के साथ बिजली व्यवस्था अर्थात् बिजली बिल जीरो।
- ड्रिपिंग सिस्टम of ultra modern style.
- जैविक खाद तैयार करने का संपूर्ण सैटअप।
- पक्षियों से बचाव की व्यवस्था।
- हर फार्म वास्तुनुरूप होगा।
- एक दम नया ट्रैक्टर (खेती संबंधित कार्यों के लिए)।
- ट्रैक्टर की पार्किंग और उसकी ऐसेसरीज की शेड इत्यादि।

जिन दिनों आप यहां नहीं रह रहे हों और यदि आप इच्छुक हों तो, बाकी बचे दिनों में से जब भी बुकिंग आ जावे, हमारे माध्यम से इस प्रोपर्टी को किराए पर देकर भी लाभ कमा सकेंगे।
**Agro Tourism***



प्रोपर्टी का पजेशन और टाइटल (वर्णित तरीके से प्रोपर्टी संपूर्ण तैयार हो जाने के बाद और संपूर्ण भुगतान प्राप्त हो जाने के बाद) शुरू से ही और आगे भी हमेशा आपके नाम पर ही रहेगा।

* Agro tourism is now a days growing business.

**संपर्क करें**

**प्रेम चन्द मोदानी : +91- 9145866221**

मात्र ₹ 7.25 करोड़ (सवा सात करोड़) रुपए में इतना सब कुछ खरीदने के लिए बुक करें ।

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

# नवयुवक मण्डल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन





श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर ( अंतर्गत- श्री माहेश्वरी समाज ) की ओर से स्व. श्री श्याम सुंदर जी भट्टड़ की पाँचवीं पुण्यतिथि की पावन स्मृति में रविवार, 7 सितम्बर, 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समाजजनों और युवाओं के उत्साहपूर्ण सहयोग से कुल 208 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। आयोजन के सफल संचालन में बोनान्जा पोर्टफोलियो लिमिटेड की टीम तथा श्री बालाजी फिजियोथेरेपी सेवा केन्द्र का विशेष योगदान रहा।

नवयुवक मण्डल के स्वास्थ्य सचिव श्री विजय कृष्ण परवाल और संयोजक श्री अनंत दद्दड़ ने बताया कि रक्तदान जैसे महादान से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं और समाज में मानवीय संवेदनाएँ मजबूत होती हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। मण्डल की कार्यकारिणी ( 2025-28 ) ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी समाज इसी तरह सेवा और परोपकार के कार्यों में अग्रसर रहेगा।


## श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

एवं

## श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

## डांडिया महोत्सव 2025

शनिवार, 4 अक्टूबर 2025, सांय 6:00 बजे से

स्थान : MHS, तिलक नगर, जयपुर







**सीए पुनीत मांधना**
डांडिया संयोजक
मो. 8955285714

**सुलभा सारड़ा**
डांडिया संयोजक
मो. 9252142946

**पुनीत खटोड़**
डांडिया कोषाध्यक्ष
मो. 9680080440

**अखिल भाला**
अध्यक्ष

**प्रवीण परवाल**
सचिव

**अमित कुमार मंत्री**
उपाध्यक्ष

**अभिषेक मालपानी**
कोषाध्यक्ष

**आदित्य झंवर**
संगठन एवं प्रचार सचिव

**सौरभ सारड़ा**
सांस्कृतिक सचिव










# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

# करवा चौथ

## चांद मिलन उत्सव

**शुक्रवार : 10 अक्टूबर, 2025**



**खुशियों से भरा ये दिन और प्यार भरे रंग**
**एक अनूठे अंदाज में मनाइए करवा चौथ**
**बड़ों के आशीर्वाद और पिया के संग**



मुख्य अतिथि

**श्रीमती अपूर्वा जी**
**श्री अंकुर जी अजमेरा**

विशिष्ट अतिथि

**श्रीमती विमला देवी जी**
**श्री प्रकाश जी पोरवाल**

स्वागत अध्यक्ष

**श्रीमती विजयश्री जी**
**श्री रामराज जी तापड़िया**

इस करवा चौथ पर उद्यापन का
अवसर भी उपलब्ध है-
जो करना चाहें, वे हमारे साथ मिलकर
इसे संपन्न कर सकते हैं।

स्नेहलता साबू
अध्यक्ष

ज्योति हुरकट
सचिव

अंजू फलोड़
संगठन एवं प्रचार सचिव

अनिला ( मेघा ) झंवर
सांस्कृतिक सचिव

स्वाति तोतला
कोषाध्यक्ष

सम्पर्क सूत्र : संतोष बजाज ✆ 9571322276

## टोंक जिला माहेश्वरी परिवार, जयपुर का द्वितीय स्नेह मिलन आयोजन हुआ



दिनांक 31 अगस्त 2025 को टोंक जिला माहेश्वरी परिवार, निवासी जयपुर का द्वितीय स्नेह मिलन आराध्य प्रभु श्री डिग्गी कल्याण धणी के पावन सानिध्य में सी-स्कीम स्थित गोकुल निवास में संपन्न हुआ।

टोंक में जन्मे जयपुर निवासी माहेश्वरी बंधुओं के लिए कार्यक्रम में सम्पूर्ण जयपुर से समाज जन पधारे, साथ ही श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर, श्री माहेश्वरी महिला परिषद एवं श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल की कार्यकारिणी 2025-28 के सम्मानीय सदस्यगण (जिनका पैत्रक जुड़ाव टोंक जिले से है) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई एवं उनको सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रमुख उद्योगपति श्री अशोक जाजू, श्री राघव जाजू, श्री सुरेश, राजेश झंवर की गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजक मण्डल द्वारा इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी खेलों में प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। स्नेह मिलन में लगभग 350 समाज बंधुओं की उपस्थिति रही। आयोजन कर्ताओं द्वारा समाज बन्धुओं के लिए अनेक प्रकार की स्टॉल की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात् दाल-बाटी चूरमा प्रसादी का सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम के सहयोगी श्री दिनेश झंवर एवं श्री विष्णु नारायण- लक्ष्मीनारायण मान्धना पधारे। स्नेह मिलन में विशेष दानदाता के रूप में सीए. अनिल सारडा, श्री बालकृष्ण जाजू 'बालक', श्री छितरमल तोतला, सीए. गणेश बांगड़, श्री रविन्द्र झंवर, श्री राजेश अजमेरा, सीए. संजय बांगड़, ने सहयोग दिया, साथ ही लक्की ड्रा के माध्यम से कुछ लोगों को पुरस्कृत किया गया।


## श्री माहेश्वरी महिला परिषद द्वारा विधानसभा भ्रमण



श्री माहेश्वरी महिला परिषद की सदस्याओं ने 10 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा का भ्रमण किया। इस अवसर पर सभी बहनों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझा और राजस्थान के गौरवशाली इतिहास से परिचित हुईं। यह अनुभव अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा, जिससे समाज की महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

# समितियों का गठन एवं नियुक्तियां

### मध्यस्थता एवं विवाद निराकरण समिति



श्री गोपाल सोमानी (मीठड़ी वाले)
संयोजक



जस्टिस दिनेश चंद्र सोमानी
सदस्य



श्री द्वारका दास मालपानी
सदस्य



श्री विनोद मूंदड़ा
सदस्य



एडवोकेट विश्वनाथ सिंगची
सदस्य

### श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेंटर, विद्याधर नगर



श्री मुरारी लाल बिड़ला
चेयरमैन



श्री संदीप जाजू
समन्वयक



श्री कपिल सोमानी
संयोजक

### श्री माहेश्वरी प्राकृतिक चिकित्सालय एवं शिक्षण संस्थान



श्री मनीष मांधना-संयोजक

### विधान संशोधन समिति



श्री राधाबल्लभ अजमेरा-संयोजक

### महेश सेवा कोष



समाज कार्यकारिणी की 8 सितम्बर, 2025 की सभा में श्री संदीप मूंदड़ा को सदन की सर्वसम्मति से महेश सेवा कोष मंत्री बनाया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

IIHMR UNIVERSITY

## ADMISSION OPEN 2025

### Elevate Your Career With Our Cutting Edge Executive Programs

**Two-Year Executive Programs Offered In Blended Mode For Working Professionals**

- **Master of Public Health (Executive)**
- **Master of Hospital Administration (Executive)**
- **MBA CSR & ESG Management (Executive)**
- **MBA Sustainable Business Management (Executive)**
- **MBA Pharmaceutical Management (Executive)**




**#1**
HEALTHCARE MANAGEMENT UNIVERSITY IN INDIA BY EDUCATION WORLD 2025

**40 YEARS**
LEGACY IN HEALTH MANAGEMENT RESEARCH

### To Know More About Admissions

1, Prabhu Dayal Marg, Sanganer Airport, Jaipur- 302029, Rajasthan, India

+91 92570 23630 | +91 9358893199 | +91 9145989952 | +91 141-3924700

www.iihmr.edu.in

admissions@iihmr.edu.in

## सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न



रामजीदास मोदानी फाउंडेशन एवं सीकेएस अस्पताल जयपुर के संयुक्त प्रयास से रविवार 14 सितम्बर, 2025 को 9-14वर्ष व 15 से 26वर्ष और ऊपर की आयुवर्ग में 70 व्यक्तियों के ग्रीवा गर्भाशय कैंसर नियंत्रण हेतु सर्वेक्स, गाडसील के टीके लगाए गए। सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति हेतु यह टीके से रोके जाने वाला एकमात्र उपाय है। शिविर में फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री एस.एन. मोदानी ने बताया कि शिविर में सहयोग करने वाले विनोद जैन, रमेश चंद्र माहेश्वरी, राज के सोमानी,अनुराग, लक्ष्मीनारायण, वेदान्त मोदानी, राजेन्द्र प्रसाद तिवाड़ी, श्रीमती उमा सोमानी विशेष सहयोगी थे।

## करवा चौथ विशेष पत्रिका हेतु आमंत्रण

करवा चौथ के पावन अवसर पर श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की आगामी पत्रिका में प्रकाशित किए जाने हेतु समाज के सभी दंपत्तियों से अनुरोध है कि वे इस पर्व से संबंधित संक्षिप्त विवरण के साथ अपनी युगल फोटो, दिनांक 11 अक्टूबर, 2025 तक समाज की मेल आईडी पर प्रेषित कीजिए। इसके पश्चात् भेजी हुई फोटो स्वीकार नहीं की जाएगी।

श्रेष्ठ फोटोज को संपादक मंडल द्वारा चयनित कर पत्रिका में स्थान प्रदान किया जाएगा। अंतिम निर्णय संपादक मंडल का मान्य होगा।

ईमेल- jmpatrika@gmail-com

## नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन



राजेश कालानी फाउंडेशन ने शंकरा आई हॉस्पिटल,विद्याधर नगर के सहयोग से 24 अगस्त, 2025 को जयपुर के विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित विश्वकर्मा रिक्रिएशन क्लब में विशाल नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन शिविर में 500 से अधिक मरीजों की नेत्र-जांच शिविर स्थल पर की गई। इनमें से 63 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया।

## टेलीफोन निर्देशिका-2025 वितरण स्थल

समाजबन्धुओं की सुविधा हेतु टेलीफोन निर्देशिका-2025 के वितरण हेतु समाज की स्कूलों में रखवायी गयी है। आप सभी से आग्रह है कि अपने नजदीकी केन्द्र से पहचान पत्र दिखाकर निर्देशिका प्राप्त करें -

1. एमपीएस, विजय पथ, तिलक नगर
2. माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी, स्कूल, सांघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर
3. एमपीएस, सेक्टर-5, प्रताप नगर, टोंक रोड, जयपुर
4. एमपीएस, सुशांत सिटी-I, कालवाड़ रोड, जयपुर
5. माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, सेक्टर 1 रोड, विद्याधर नगर, जयपुर
6. एमपीएस संस्कृति जगतपुरा, 116-117, लाजपत नगर, जगतपुरा, जयपुर,
7. समाज जनोपयोगी भवन 'अभिनन्दन', पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर




Manish Jajoo
अध्यक्ष - पूर्वोत्तर राजस्थान युवा संगठन
कार्यकारणी सदस्य - माहेश्वरी समाज जयपुर
9414058504

purple FAUCETS

शारदीय नवरात्रोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ

CERATEC
Build with experience



Dinesh Jajoo
9887487818

QUTONE
STONEWARE

GOVINDAM
Tiles & Sanitary
Mfr Tile Adashive, Wallputty,
Grout, Admix, Waterproofing Eppoxy
A House of Ceramic Tiles, Sanitary & Bath Fitting
Shop No. 61, Santosh Nagar, Near New Aatish Market,
Opp. Metro Piller No. 40, Gopalpura Bypass, Jaipur-20 (Raj.)

# दशहरा

अधर्म पर धर्म की जीत
का प्रतीक है दशहरा,
अन्याय पर न्याय की जीत
का प्रतीक है दशहरा,
अज्ञान पर ज्ञान की जीत
का प्रतीक है दशहरा।

पर सच पूछो तो,
दसों इंद्रियों पर विजय
का प्रतीक है दशहरा।
मां दुर्गा ने महिषासुर मारा,
दुष्टों का संहार कर संतों को उबारा

प्रभु राम ने रावण को मारा,
जो था महान ज्ञानी
दस सिर बीस भुजाओं वाला
पर था बहुत अभिमानी
धर्म की राह पर चलने की
नहीं उसने मानी,

मिट गया वह खुद के ही
बुरे आचरण से
शास्त्रों से यही शिक्षा है जानी।

हम भी अपने विकार मिटाएं
लोभ क्रोध दंभ से ऊपर आएं
हर वर्ष बुराई बढ़ती जाती,
दिलो दिमाग में चढ़ती जाती
ज्यों-ज्यों रावण के पुतले जलाते
त्यों-त्यों रावण बढ़ते जाते।

दहन हमें पुतलों का नहीं,
अपने भीतर की बुराइयों का करना है
छोड़ अधर्म का मार्ग,
धर्म के मार्ग पर चलना है

भीतर के रावण को खुद ही जलाना है,
प्रेम और स्नेह से जीवन को महकाना है
एकता निष्ठा सद्भाव से
समाज की समरसता बढ़ाना है
नहीं हो पतन समाज का
वैमनस्यता को मिटाना है।

सच्चाई की राह पर भले बिछें हो शूल,
हम निरंतर चलते रहें
यही शूल बनेंगे फूल।
दशहरे का पर्व हमें यही बताता है..
जीवन मूल्यों का सच्चा पाठ पढ़ाता है,
सद्मार्ग पर
चलते रहें सदा,
यही सिखाता है।

– सत्यनारायण शारदा

# जीवन में रहे सकारात्मकता

हम नहीं कहते आप यह करो वो करो बस
सिर्फ थोड़ा समय अपने आपको दीजिए नित्य कि
आप क्या हो अपने लिए..आपका उद्देश्य क्या है जीवन जीने का
क्या आप दूसरों के लिए रिश्ते में भार हो या
कोई दूसरा आपके स्वयं के रिश्ते के लिए भार है
आप कई समस्याओं का समाधान बिना किसी और के
सहयोग के निवारण कर लेंगे..एक नई स्फूर्ति महसूस कर पाएंगे
उनको अपनी जगह और अपने को
उनकी जगह रखकर सोचेंगे तो उत्तर मिलेगा
आपकी उनकी पसंद..विचारों वक्तव्यों का सामंजस्य..
अमिट विश्वास का बंधन..रिश्तों में सत्यता..ईमानदारी..
संस्कारों..मर्यादाओं का निस्वार्थ समर्पित भाव का
रिश्तों में कितने सकारात्मक तरीके से आदान प्रदान हो रहा है
आपस में खुलकर किया गया विचार विमर्श
या तो रिश्ते को नया जीवन देता रहेगा या सहने योग्य मृत्यु दे देगा
अत: नकारात्मकता से दूर रहिए
एक दूसरे को अच्छे रिश्ते में बांधे रखिए
छोटी-मोटी कमियों को
नजरअंदाज करते रहिए
यही जीवन को सुनहरा बनाए रखता है
जिसका मूल्यांकन कभी कम नहीं होता है और न कभी होगा।

■ किशन राठी

## सामूहिक गोठ एवं महेश मेला
### अनवरत बढ़ते कदम

उनसठवीं यह गोठ हमारी, मनाई है अबकी बार
सन चौसठ में सपना देखा, गोठ समाज का पौधा रोपा
थे समाज के पहले लाल, लोईवाल श्री प्रभु दयाल
देव चतु र्भुज मन्दिर अंदर, पहली गोठ हुई थी सुन्दर
दो रुपए में छक कर खाया, सस्ते में ही लुत्फ उठाया
मालू श्री तारा चन्द जी संग,मालपानी श्री चुन्नी लाल
कार्य व्यवस्था संयोजक थे, सोढ़ानी श्री मांगीलाल
साबू चाँद बिहारी जी संग साथी भौंरी लाल जी मनिहार
कितने ही थे सपनों के बुनकर,गोठ समाज के रचनाकार
उनसठवीं यह गोठ हमारी, मनाई है अबकी बार
हाथ मिले, कदम बढ़े फिर हुआ कारवां विशाल
गिरधारी जी की ठंडाई, बनी हुई है आज मिसाल
फिर सोचा कुछ नया करें, मेले की शुरुआत करें
मेल जोल मनोरंजन हित, शेयर राशि की बात करें
इक्यासी की बाढ़ को छोड़ो,
कभी-कभी व्यवधान भी आते
कोरोना जैसे कारण भी बड़े बड़े उत्पात मचाते
गोठ निरन्तर होती आई, इतिहास ये बड़े बताते
कढ़ी चावल दाल चूरमा बाटी के संग स्वाद बढ़ाते
सामाजिक समरसता गोठ, सपरिवार माहेश्वरी आते
महिमा गोठ की अपरम्पार,
उनसठवीं यह गोठ हमारी, मनाई है अबकी बार

बाल कृष्ण जाजू 'बालक'

# नारी श्रृंगार

बाह्य आभूषणों और श्रृंगार से
क्यों नारी की सुंदरता को नापा जाता है?
क्या सच! इन्हीं से नारी के चेहरे पर नूर आता है?
सजा लो लाख सुंदर मेज-पोश से भले ही मेज को,
वास्तविक मूल्य तो उसकी मजबूती से आता है।

प्रीत और आत्मविश्वास का रंग
जब मन में घुल जाता है,
नारी का सच्चा स्वरूप
स्वयं उभर कर बाहर आता है।
कहाँ सजा सकते हैं गहनें
इस तरह से उस नारी को,
जिस तरह उसके अपनों का स्नेह
उसके स्वाभिमान का श्रृंगार कर जाता है।

सर पर पिता का हाथ ही
बेटी की रखड़ी बन जाता है,
माँ की सीख, बालियाँ बनकर
जीवन पथ को सजाता है।
गले में संतान का हाथ
नवरत्नों का हार बन जाता है,
और हँसी से जीवन-गीत में
मधुर रस घुल जाता है।



स्नेह ससुर का
जब पायल की झंकार सुनाता है,
घर का हर कोना
धुन मधुर संगीत की बजाता है
कलाई में आस, विश्वास सासू मां का
कड़ा बन कर जब झिलमिलाता है,
पारिवारिक परंपरा का धागा बंधता हाथों में
युगों-युगों तक प्यार भरा रिश्ता सजाता है।

अंतत: होता है मुख का श्रृंगार
जो पति के प्रेम से दमकता है
समर्पण, संबल, साध, सब्र काजल, बिंदी,
सिंदूर, लाली
बन कर चमकता है।

घर बनता है रिश्तों से
स्नेह और सहनशीलता से चलता है।
नथ में धारे हीरे-मोती,
बंधन में भी यह स्वतंत्र रूप की छवि गढ़ता है।

बाह्य चमक तो कुछ दिन की मेहमान है
नारी का सच्चा श्रृंगार ही
रिश्तों में मिला मान-सम्मान है
समर्पण, निष्ठा और धैर्य का गहना
घर को धन्य बनाता है
और इन गहनों का ओज नारी के
अंतर्मन का दिव्य स्वरूप
दिखलाता है।

– डॉ. नूपुर मोदानी

।। श्री महेश्वराय नमः ।।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

द्वारा आयोजित


## दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव

**आयोजन तिथि**

रविवार, दिनांक

**26 अक्टूबर, 2025**

सायं 6.00 बजे से



**स्थान**

mps विजय पथ,
तिलक नगर,
जयपुर

ऑनलाइन टिकट के लिए
QR Code स्कैन करें।

## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

विनम्र अनुरोध

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

कमल साबू
उपाध्यक्ष-समाज

पूनम चन्द भाला
उपाध्यक्ष-वित्त

भवानीशंकर बाहेती
संयुक्त मंत्री

रामअवतार काबरा
संयुक्त मंत्री

नटवर कुमार सारड़ा
अर्थमंत्री

सुशील जाजू
कोषाध्यक्ष-समाज

देवेन्द्र झंवर
संगठन मंत्री

विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री

अनिल कोठ्यारी
सांस्कृतिक मंत्री

स्नेहलता साबू
अध्यक्ष

ज्योति हुरकट
सचिव

श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

अतुल लोहिया
संयोजक
9782644055

दामोदर तोतला
कोषाध्यक्ष
9828011355

अखिल भाला
अध्यक्ष

प्रवीण परवाल
सचिव

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल

रवि चाण्डक
टिकिट संयोजक
9829022491

अन्नकूट महोत्सव
कार्यक्रम को बेहतरीन बनाने के लिये आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।

शैलेश फलोड़
सहयोगकर्ता संयोजक
9829056815




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

## जनोपयोगी भवन

# "अभिनन्दन"

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883

Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

| | |
|---|---|
| ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) | डायनिंग हॉल, लॉन व किचन |
| द्वितीय तल (Unit-II) | 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित) |
| चतुर्थ तल (Unit-V) | 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन |
| प्रथम तल (Unit-II) | मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट) |
| तृतीय तल (Unit-IV) | 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन |
| पंचम तल (Unit-VI) | 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित) |

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### संचालन समिति
(सत्र 2022-25)

**शांति लाल जागेटिया** — चेयरमैन

**गिरिराज प्रसाद मोदानी** — वाईस चेयरमैन (वित्त)

**अशोक कुमार फलोड़** — वाईस चेयरमैन (संचालन)

**महेश कुमार साबू** — सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मान्धना** — सह सचिव

**राधामोहन तोतला** — भवन मंत्री

**कैलाश चन्द्र परवाल** — कोषाध्यक्ष

**सदस्यगण :** द्वारकादास सोढ़ानी, जुगलकिशोर साबू, राघव बिहानी, विनोद अजमेरा

# सामूहिक गोठ, महेश मेला एवं सम्मान समारोह आयोजित



श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेला रविवार, 14 सितम्बर, 2025 को विद्याधर नगर स्टेडियम में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान महेश की सामूहिक महाआरती शाम 6 बजे उपस्थित समाज बंधुओं द्वारा किया गया। समाज के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन माहेश्वरी समाज की सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक धरोहर और भाईचारे का प्रतीक है। कार्यक्रम के आयोजन में समाज की विभिन्न इकाइयों महिला परिषद्, नवयुवक मण्डल तथा सामाजिक स्वयंसेवी टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री राकेश राठी, विशेष अतिथि समाज संरक्षक श्री घनश्याम दास मूंधड़ा, विशिष्ट अतिथि श्री सुधीर जाजू, स्वागताध्यक्ष श्री कैलाश कालानी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अखिल भारतीय माहेश्वरी स्तर पर **''माहेश्वरी भारत गौरव''** सम्मान से श्री लक्ष्मी नारायण सोमानी (मुम्बई), श्री अशोक सोमानी (हैदराबाद), श्री जुगल किशोर बिड़ला (मेड़ता सिटी) को विभूषित किया गया एवं जयपुर शहर में समाज को अपनी उत्कृष्ट सेवाए प्रदान करने हेतु श्री गिरधर गोपाल मूंदड़ा, श्री शिवरतन चितलांग्या एवं श्री सुनील अजमेरा को **''माहेश्वरी समाज रत्न'** सम्मान से विभूषित किया गया। महामंत्री सीए. श्री रोहित परवाल ने जानकारी दी कि आयोजन में समाजबन्धु के लिए कई आकर्षण केन्द्र बनाये गये, जिसमें KBC Quiz के साथ-साथ डांस शो, बच्चों के लिए अलग से किड्स जोन भी बनाये गये, जिसमें बच्चों ने मौज-मस्ती की। छाया चित्र के लिए कई आकर्षक Selfie Zones भी बनाए गये। इस बार आयोजन का मुख्य आकर्षण AI Avtaar, Magic Show and Sky Spinny Video Shoot जो समाज बंधुओं को बहुत भाया।



सामूहिक गोठ संयोजक श्री नवीन सोमानी एवं श्री नवीन मूंदड़ा, मेला संयोजक श्री अशोक लद्धड़, गोठ कोषाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मांधना एवं श्री श्याम सुन्दर झंवर एवं शेयर होल्डर संयोजक श्री राकेश (सोनू) लढ़ढ़ा एवं टिकट संयोजक श्री मनोज मालपानी के अथक प्रयास से यह आयोजन सम्पन्न हो पाया। इस बार भोजन के कूपन ऑनलाईन भी उपलब्ध करवाए गये जिससे समाज बन्धुओं ने इस पहल की सराहना की। महेश मेले में मुख्य आकर्षण लक्की ड्रा का आयोजन भी रहा। नवयुवक मण्डल द्वारा महेश मेले को और अधिक आकर्षक बनाने हेतु नवाचार किये गये जो सफल रहे हैं। यह आयोजन समाज की एकता, संस्कार और परम्परा को जीवंत करता है। कार्यक्रम में समाज के सभी बंधुओं के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष योगदान प्रशंसनीय रहा। श्री आशीष मंत्री (गणगौर बेसन) एवं श्री गोपाल राठी को इनके विशेष योगदान के लिए मंच द्वारा सम्मानित किया गया। आप द्वारा किये गये प्रशंसनीय योगदान भविष्य में सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। सुश्री गरिमा काबरा एवं श्री विकास मंत्री द्वारा मंच संचालन बेहद प्रभावी रहा, साथ ही नन्हें-मुन्ने साथी हर्षिता लाहोटी, जिया भाला एवं मास्टर दक्ष भाला ने भी मंच व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान किया।

## »æðÆU Ñ Û







## कार्यक्रम झलकियाँ

बुजुर्गों के मन से निकला आशीर्वाद..! उठ गए हाथ दुआओं के खिले स्वाद नव आशाओं के
सोचा न था अपने जीवन में ऐसा भी हो जाएगा घर बैठे प्रसादी का आनंद मिल पाएगा!





## कार्यक्रम झलकियाँ

नहीं कोई लंबी कतार, टिकट चेकिंग हुई बस एक बार
समाजजनों को मिला सरल आधार, निकल पड़ा मुख से वाह भई शानदार!



## कार्यक्रम झलकियाँ

समाज ने बढ़ाया एक डिजिटल कदम, टिकट बुकिंग होगी, अब ऑनलाइन हरदम
QR कोड से हुआ आसान, समाज हित का ही रहा संज्ञान।
















# 59वीं सामूहिक गोठ
## मीडिया कवरेज



पत्रिका 15-09-2025

माहेश्वरी समाज : महेश मेला-गोठ, छह लोगों को समाज गौरव सम्मान से नवाजा

'भोजन व्यर्थ छोड़ना अब नहीं होगा स्वीकार्य'

सामाजिक एकजुटता के साथ पर्यावरण के संरक्षण का भी आह्वान

मेल-मिलाप की परंपरा को आगे बढ़ाया

दैनिक भास्कर जयपुर 14-09-2025

सामूहिक गोठ में देंगे जूठन नहीं छोड़ने का

6 समाजबंधुओं को माहेश्वरी समाज गौरव स

विद्याधर नगर स्टेडियम में श्री माहेश्वरी समाज की 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश

माहेश्वरी समाज : सामूहिक गोठ और महेश मेला कल

प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाएगा हर दाना, झूठन न छोड़ने का लेंगे प्रण

धर्म • कर्म • समाज

सामूहिक गोठ में देंगे 'जूठन नहीं छोड़ने' का संदेश

श्री माहेश्वरी समाज की 59वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेला 14 सितम्बर को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में

भोजन को 'मां अन्नपूर्णा' का प्रसाद मानकर किया ग्रहण

पत्रिका 06-09-2025

जयपुर शहर

माहेश्वरी समाज की सामूहिक गोठ, महेश मेला 14 को

किड्स, सेल्फी जोन रहेगा आकर्षण का केंद्र, झूलों के साथ गेम्स के लगेंगे स्टॉल्स

माहेश्वरी समाज ने दिया 'जूठन नहीं छोड़ने' का संदेश



दैनिक भास्कर जयपुर 15-09-2025

महेश मेला • 6 समाजबंधुओं को मिला माहेश्वरी भारत गौरव और माहेश्वरी समाज रत्न सम्मान

माहेश्वरी समाज की सामूहिक गोठ; मां अन्नपूर्णा का प्रसाद मानकर ग्रहण किया भोजन, जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प

माहेश्वरी समाज ने दिया जूठन न छोड़ने का संदेश

सामूहिक गोठ में देंगे संदेश 'उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में'

### गोठ 2025 के प्रमुख नवाचार (Innovations)

- **बुजुर्गों हेतु सेवा–** 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले वरिष्ठ नागरिकों को फूड बॉक्स के माध्यम से प्रसादी की व्यवस्था की गई।
- **तकनीकी सुविधा–** ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था, जिससे सहभागिता सुगम एवं पारदर्शी बनी।
- **सामुदायिक सहयोग–** गोठ में परिषद् एवं मंडल की सक्रिय भागीदारी से आयोजन को संस्थागत महिलाओं एवं युवाओं का समर्थन प्राप्त हुआ।
- **डिजिटल स्टाल–** AI युक्त Video/Image स्टाल की नि:शुल्क सुविधा, जिससे आगंतुकों को स्मृति स्वरूप फोटो/वीडियो मिल पाया।
- **मीडिया कवरेज –** व्यापक मीडिया कवरेज द्वारा समाज की गतिविधियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार ने समाज का वर्चस्व बनाया।
- **बच्चों के लिए विशेष ध्यान–** Kids Zone बच्चों के मनोरंजन एवं रचनात्मक गतिविधि हेतु नि:शुल्क व्यवस्था।
- **सुव्यवस्थित प्रवेश प्रणाली–** Single point ticket checking यानि टिकट चेकिंग बस एक बार। इससे प्रवेश प्रक्रिया में अनुशासन एवं सुविधा सुनिश्चित हुई।

## मेडिकल इक्विपमेंट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध

महेश सेवा संघ समिति मेडिकल इक्विपमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रही है। किसी भी बंधु को अगर जरूरत होने पर मेडिकल बेड, व्हीलचेयर, एयर बेड, वॉटर बेड, जरूरत होने निम्न जगह पर उपलब्ध रहेगा।

**संपर्क सूत्र** (चिकित्सा मंत्री)

| | |
|---|---|
| दीपक जाजू | हेमंत मंत्री |
| 9414834235 | 9829057345 |


Shri PARASRAM Holdings Pvt. Ltd.


ANAND AJMERA
9828111112
9828019221

**Shri Parasram Holdings Pvt. Ltd.**

Corp. Member : NSE (CASH & FO), BSE, MCX, NCDX, DP - NSDL, CDSL

SDC Classic, G-1, Plot No. H-34, Tagore Path, Behind K.P. Automotives
Jaisingh Highway, Bani Park, JAIPUR-302016 (Raj.)
Tel. : 0141-4922271, 2207774 • Trading : 0141-4025858 Back Off
E-mail : zeesab1@hotmail.com


**SHREE MAHESH**
Fruits and Vegetables



Fresh from the farm, straight to your plate

Fresh and healthy •
Wholesale and Retail •
Home Delivery •
Resonable prices •
Desi and Foreign varities available •

Brij Mohan Bhandari (Maheshwari)
+919928955080
shrimahesh30@gmail.com



Ray-Ban ELLE VOGUE fastrack LACOSTE TOMMY HILFIGER ESPRIT



Mukesh Baheti
+91 98290 48022

UP TO DISCOUNT FOR MAHESHWARI'S ONLY 30%*

**Baheti Optician**

WHOLESALE DEALERS IN ALL KIND OF OPTICAL FRAMES & GLASSES & GOGGLE

A-13, Mall Road, Sector-1,
Vidhyadhar Nagar, Jaipur-13
9929076022

MITSUBISHI ELECTRIC
Changes for the Better
eco Changes for a greener tomorrow



Vikas Kumar Maheshwari

**Raj Engineers**

Preferred Sales & Service Dealer For
Mistsubishi Electric India Pvt. Ltd.

Contact for Sale, Service, Repair, Installation of AC

502-A, Vth Floor, Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur-12
Mobile : 9828269798, 8079071116 • email : rajengjaipur@gmail.com

Shree Krishna Group

**जय श्री कृष्णा प्रोपर्टीज एण्ड बिल्डर्स**

Reg. No.-SCA/2016/14/993369

➡ डुप्लेक्स/विला/फ्लेट
➡ खाली भूखण्ड/रेन्टल इन्कम प्रोपर्टीज
➡ व्यवसायिक/औद्योगिक भूखण्ड क्रय-विक्रय हेतु
➡ शॉर्ट टाईम व लोंग टाईम इन्वेस्टमेंट

बिल्डिंग मेटेरियल सामान सहित भवन निर्माण हेतु



भवानी माहेश्वरी (छापरवाल) 9314651206

H.O. श्री श्याम मन्दिर के पास, रोड नं. 5 के सामने, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर
B.O. गाँधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर 8766111100
skgroup.jaipur@gmail.com www.shreekrishnagroupindia.com



Deepak Bhandari
+91-9829051091
+91-9460951091

WE CREATE MEMORIES
**Satkaar** Event & Decorators
**Satkaar** Caterers

Your Trust & Safety is Our Responsibility



Rahul Jajoo
+91-9828112085



Wedding Planner & Event Management (Sangeet, Birthday Parties, Get Togethers)
Outdoor Food Catering, Online Sweets & Food Service's

Off. Add. :- 1156, Nirwan Marg, Jhotwara Road, Jaipur
Workshop Add. :- 34, Bansi Vihar, Gurjar Ki Thadi, Jaipur

Place Your Order (Before One Day):
Paytm 9024643576 or Cash on Delivery

Web. : www.satkaarevents.com

**EXIDE**
Authorised Distributor
**HARI OM BATTERY**
**HIND MOTORS**
(SINCE 1965)

卐 DEALS IN ॐ

HEMANT MACHHAR 99287-89449 | HARI KISHAN MACHHAR 94140-73249

OPP. AGARWAL COLLEGE, AGRA ROAD, JAIPUR 302004



EXIDE DEALERS

EXIDE BATTERY - TWO WHEELER, FOUR WHEELER & HEAVY VEHICLES
EXIDE INVERTORS & INVERTOR BATTERY • UPS BATTERY & SMF BATTERY

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
का
# नवीन प्रकल्प




## विशेष सूचना

**सदस्यता :** 'आनन्दम्' श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली गई है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

| क्रस | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या **211100000000501**, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पूनम चन्द भाला**
उपाध्यक्ष (अर्थ)

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष (समाज)

**सीए. नटवर सारड़ा**
अर्थमंत्री

**कमलेश लढ्ढा**
भवन मंत्री (समाज)

**भवन निर्माण समिति**

**विष्णु लढ्ढा (वैशाली नगर)**
चेयरमैन (निर्माण)

**राधेश्याम काबरा**
चेयरमैन (वित्त)

**हरीश मालू**
सचिव (निर्माण)

**हरीश भराड़िया**
सचिव (वित्त)

**विकास मोहता (चित्रकूट)**
समन्वयक (भवन)

## सुझाव आमंत्रण

संपूर्ण समाज बंधुओं को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि सामूहिक गोठ एवं महेश मेला 2025 आप सभी के पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस आयोजन की सफलता में समाज के प्रत्येक वर्ग का योगदान सराहनीय रहा।

श्री माहेश्वरी समाज सामूहिक गोठ एवं महेश मेला 2026 के आगामी आयोजन की सहभागिता को और अधिक सशक्त बनाने हेतु आपके बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित हैं।

कृपया आप अपने सुझाव नीचे दिए गए ईमेल पते पर प्रेषित करें।

**mail :** jmpatrika@gmail.com

आपके सुझाव समाज हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**कार्यकारिणी**

**श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर**

## प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत स्टील की थरमस भेंट



माहेश्वरी समाज जयपुर की कार्यकारिणी सदस्य श्री मुकेश राठी सदैव नयी पहल के लिए जाने जाते रहे हैं। इसी क्रम में प्लास्टिक की थैली में चाय का उपयोग नुकसानदायक है, को समझाते हुए जियो और जीने दो फाउण्डेशन के साथ मिलकर राज्य के सबसे बड़े अस्पताल एस.एम.एस में अधीक्षक डॉ. दीपक जी माहेश्वरी को साथ लेते हुए शुरूआती चरण में चिकित्सालय के कैन्टीन में तीस (30) स्टील के थरमस वितरित किये।


## माहेश्वरी बहनों के लिए सुनहरा अवसर

**माहेश्वरी पत्रिका में प्रकाशित करवाएं रियायती दर विज्ञापन**

माहेश्वरी बहनें जो स्वतंत्र रूप से अपना घरेलू कार्य/कुटीर उद्योग जैसे पापड़, मंगौड़ी, अचार, अगरबत्ती, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई इत्यादि का कार्य करती हैं और उसे विस्तार करने में इच्छुक हैं, तो ऐसी माहेश्वरी बहनों के लिए माहेश्वरी पत्रिका द्वारा विशेष ऑफर।

अब अपने गृह उद्योग उत्पादों का क्लासीफाइड विज्ञापन करवाइए- वह भी 50% छूट के साथ!

आपके लिए यह ऑफर बहुत खास है।

**फायदे एक नहीं अनेक**

1. घर बैठे अपने कार्य का प्रचार
2. नए ग्राहकों तक पहुँचने का सुनहरा मौका
3. उद्योग को विस्तार देने की नई राह

**हुनर को दीजिए पहचान, अपने सपनों को इक नई उड़ान!**

विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क सूत्र

विजय सारड़ा 9828112198, राजेन्द्र मूंधड़ा 8233820333, श्रुति लाहोटी 9829599642

जयपुर माहेश्वरी पत्रिका -आपकी आवाज, आपके साथ


## देहदान संकल्प पत्र पर आभार

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के निम्न समाज बन्धुओं द्वारा मरणोपरान्त अपनी देह का दान शरीर रचना विभाग को करने हेतु संकल्प पत्र भरकर मानवता की सेवा में इनके इस योगदान हेतु इनको सादर साधुवाद देता है।



राधा देवी माहेश्वरी
पानीपेच



श्रीमती सुमन परवाल
विद्याधर नगर

**सादर वंदन एवं आभार**

| | | |
|---|---|---|
| उमेश सोनी<br>अध्यक्ष | सुरेन्द्र बजाज<br>संयोजक-नेत्रदान देहदान प्रेरणा प्रकल्प समिति | सीए. रोहित माहेश्वरी<br>महामंत्री |




॥श्री महेश्वराय नमः॥

शारदीय नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाएं

**आलोक झँवर**

सुपौत्र स्व. श्री कन्हैया लाल जी झँवर (घी वाले)
सुपुत्र श्री नवल किशोर झँवर

व्यवसाय : रत्न व्यवसायी एवं वास्तु सलाहकार

म.नं. 8, शिव मार्ग, राजभवन के पीछे, सिविल लाईन्स, जयपुर

0141-4003155 (O) मो. : 9829068442

ॐ ASTRO-KNOWLEDGE ॐ



**ज्योतिष आचार्या सीमा लोहिया**

- हस्तरेखा विश्लेषण
- वास्तु परामर्श
- कुंडली विश्लेषण
- व्यापारिक समाधान
- वैवाहिक परामर्श
- कुंडली मिलान
- कैरियर समाधान
- स्पिरिचुअल हीलिंग
- न्यायिक परामर्श
- लव/अरेंज मैरिज
- संतति परामर्श

समयः
सुबह: 11am to 1 pm
शाम: 5 pm to 7:30 pm

C-23, Bhagat Singh Marg, Tilak Nagar, Jaipur - 302004

8949268569 @astroknowledge.seema


SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER
(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)
210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर-19
फोन : 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com
ओपीडी
General Medicine
Dr. Ravindra Mathur
M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician & Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)
Gynaecologist
Dr. Vinita Gupta
M.B.B.S., DGO
Consultant Obstetrician and Gynaecology
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(THURSDAY OFF)
Consultant - Orthopaedic Shoulder, Knee & Hip Surgeon
Dr. Prashant Bhutani
M.B.B.S., DNB Ortho
Shoulder, Knee, Hip, Surgeon, Sports Injury, Joint Replacement
TIMING 2:30 PM to 3:30 PM (Monday to Saturday)
Dental Care
Dr. Bharti Maheshwari
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM
(SUNDAY CLOSE)
Physiotherapist
Dr. Anoop Sharma & TEAM
BPT, MPT (Ortho), COMT
Consultant Physiotherapist
TIMING 8:00 AM To 2:00 PM
(SUNDAY CLOSE)
Gynecologist
Dr Priyanka Goel
MBBS, DNB (OBG), GOLD MEDALIST
Laparoscopic and Surgeon
Fellowship in Gynecological Oncology (GCRI, Ahmedabad)
Timings 5.30 pm to 6:30 pm
Monday-Saturday (Sunday off )
Quality Dental Care
Dental Implants
Root Canal
Teeth Whitening
Composite Fillings
Ceramic or Porcelain Crowns
and Many More...
PHYSIOTHERAPHY
START ₹250/-
• Assessment and Diagnosis
• Rehabilitation Sessions
• Individualized Treatment Plans
लैब का समय
प्रातः 7:30 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)
Dr. Deepak Agarwal
MBBS, MD, DNB
(Cardiologist)
2D-ECHO
Timing : 4.30 to 5.00 PM
उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध
DIALYSIS
START ₹850/-
सोनोग्राफी
प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक
Digital X-Ray
200/- से शुरु
PREVENTIVE HEALTH CHECKUP
खाली पेट
Special Price ₹ 2600/-
CBC
LIPID PROFILE
FASTING BLOOD SUGAR
POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
BLOOD UREA
CREATININE
URIC ACID
VITAMIN D3
VITAMIN B12
T3, T4, TSH
LIVER FUNCTION TEST
HBAIC
ESR
CALCIUM
URINE ROUTINE
PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
X-Ray Chest digital
ECG
Blood Sugar 35/-
SGOT 40/-
Cholesterol 40/-
Creatinine 45/-
SGPT 50/-
Urine R/E 50/-
Calcium 60/-
Uric Acid 60/-
CBC 120/-
E.C.G. 100/-
Thyroid Profile 300/-
CRP 150/-
Liver Function 250/-
Hb A1C 250/-
Lipid Profile 300/-
RFT 450/-
CARDIO DIABETES PACKAGE
खाली पेट
Special Price ₹700/-
CBC • FASTING BLOOD SUGAR
POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT
WHOLE BODY CHECKUP
(खाली पेट)
Special Price ₹1299/-
CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST
MRI 1.5, 3.0 Tesla से
Special Price ₹3500/-
सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त
आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जांचें
स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम
ब्लड कलैक्शन सेन्टर
महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी जयपुर,
फोन:0141-3517910, 8306300165
87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर, जयपुर-19,
फोन: 0141-4924112
कलैक्शन सेन्टर्स का समय
प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक

# कृष्णधाम वृद्धाश्रम

## वीणा मोदानी द्वारा भजन संध्या का आयोजन



कृष्णधाम वृद्धाश्रम ( संचालित श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ) में निवासरत वृद्धजनों के सम्मान में भजन प्रोग्राम नि:शुल्क 24 अगस्त 2025 को प्रायोजित करवाया गया। नाश्ता एवं प्रसादी व्यवस्था भी उनके द्वारा की गई। समाज के अनेक गणमान्य बंधुओं ने भजन प्रोग्राम का आनंद लिया। वृद्धाश्रम निवासरत श्रीमती गिन्नी देवी एवं श्रीमती गीता लढ्ढा द्वारा वीणा मोदानी ( डायरेक्टर ऑफ वीना मोदानी एकेडमी, प्लेबैक सिंगर, कोरियोग्राफर, इवेन्ट प्लानर ) के तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। अंत मै वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री सत्यनारायण करवा द्वारा वीणा मोदानी व आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया।



## फिजियोथैरेपी कैम्प

डॉ. ख्याति माहेश्वरी फिजियोथैरेपिस्ट BPT, MPT (ortho), COMT, CDNP, KIASTM, CDCT, CKTT द्वारा कृष्णधाम वृद्धाश्रम मे आठ दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप 1 से 8 सितंबर, 2025 तक लगाया गया। उक्त कैंप डॉ. ख्याति द्वारा वरिष्ठजन के सम्मान में नि:शुल्क किया गया।





श्रीमती सुशीला-ब्रह्मप्रकाश भूतड़ा, श्रीमती नलिनी-अभिषेक भूतड़ा, श्रीमती शशि-रिक्की भूतड़ा नया खेड़ा निवासी द्वारा कृष्णधाम वृद्धाश्रम में फ्रूट एवं सब्जी हेतु 21,000 मासिक एक वर्ष तक देने की स्वीकृति प्रदान की है। वार्षिक सहयोग राशि 2,52,000/- ( दो लाख बावन हजार ) की स्वीकृति प्रदान करने पर आभार।



श्रीमती तारा-रामनिवास जी मूंदड़ा, मुरलीपुरा द्वारा श्रीमती पिंकू सोमानी की प्रेरणा से स्व. श्री रितेश मूंदड़ा की पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में 50,000 रु. की लागत का 55'' टीवी मय साउण्ड सिस्टम भेंट करने पर आभार।

योग शिक्षक श्रीमती अल्पना मूंदड़ा-रवि मूंदड़ा द्वारा कृष्णधाम वृद्धाश्रम में रियायती दर (50%) पर नियमित योग कक्षा 15 अगस्त, 25 से चालू की गई है।





श्री सत्यप्रकाश काबरा सुपुत्र स्व. श्री रामस्वरूप काबरा, कृष्णधाम वृद्धाश्रम निवासी द्वारा 1,11,121 ( एक लाख ग्यारह हजार एक सौ इक्कीस ) रुपये की राशि स्थायी कोष ( वृद्धाश्रम ) की स्थापना हेतु सहयोग प्रदान करने पर आभार।

### नियमित मासिक सहयोग प्रदाता

| | | लागत (₹) |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती इंदु-ज्योति कुमार जी माहेश्वरी ( संरक्षक ) दूध व्यवस्था ( अनुमानित लागत 25,000 रु. प्रतिमाह ) | 25,000 |
| 2. | सारडा जी ( जयपुर ) गुप्तदान, तेल 2 टीन, घी 1 टिन | 14,000 |
| 3. | श्री आशीष मंत्री ( गणगौर बेसन ) विविध राशन सामग्री | 7,100 |
| 4. | श्री वैभव जी सोमानी, अनुज जी मुंदडा, अभिषेक जी भूतड़ा एवं श्री लक्ष्मण जी पेडिवाल चाय पत्ती+दालें वगैरह | 5,500 |
| 5. | नम्रता जी मंगल, बनीपार्क विविध राशन सामग्री | 2,100 |

## कृष्णधाम वृद्धाश्रम

( श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित )

उत्सव जनोपयोगी भवन के पास, पी-10ए, सेक्टर-2, विद्याधर नगर, जयपुर-39

**जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं आपके अन्य खुशी का दिन वृद्धाश्रम में निवासरत आदरणीय वृद्धजनों के साथ मनाये व उनका असीम आशीर्वाद प्राप्त करें।**

**प्रात: नाश्ता प्रसादी : 2,100/-**

नाश्ता आइटम्स : 1. पोहा/ब्रेड पकोड़ा/आलू कोफ्ता/इडली-सांभर/उपमा/फ्रूट एवं अंकुरित अनाज/नमकीन दलिया/साबूदाना खिचड़ी में से कोई एक। 2. दूध। विशेष : मेजबान प्रति व्यक्ति 50 रुपये अतिरिक्त।

( नाश्ता समय प्रात: 9:00 से 9:30 बजे )

**दोपहर/रात्रि भोजन प्रसादी : 5,100/-**

भोजन आइटम्स : 1. चपाती, 2. सब्जी, 3. दाल/कड़ी ( दोनों में एक ), 4. चावल, 5. फ्रूट क्रीम/सूजी हलवा/खीर में से एक, 6. नमकीन/पकोड़ी, 7. सलाद व पापड़। विशेष : मेजबान 100/- रुपये प्रति व्यक्ति अतिरिक्त।

( भोजन समय : दोपहर- 12 से 1 बजे, शाम- 7:30 से 8:30 बजे )

BANK A/C Detail
SHRI MAHESHWARI SAMAJ VRADHASHRAM, JAIPUR
A/c No. 2111000000000151 • IFSC : AUBL0002163
Bank Name : AU Small Finance Bank Ltd., Ambabari

सम्पर्क सूत्र : 9079018860

वृद्धजनों के सम्मान मे श्री रामभक्त बालाजी परिवार, जयपुर द्वारा 13 सितंबर, 2025 को वृदाश्रम पर नि:शुल्क सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भूतपूर्व वृद्धाश्रम मंत्री श्री मालचंद बाहेती द्वारा श्री रामभक्त बालाजी परिवार के संयोजक एवं कथा वाचक श्री गिर्राज राठी का स्वागत किया गया। वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री सत्यनारायण करवा द्वारा श्री रामभक्त बालाजी परिवार की पूरी टीम का आभार प्रकट किया।



श्रीमती जमना देवी-श्री ओमप्रकाश रान्दड़ ( मकराना ) निवासी कृष्णधाम वृद्धाश्रम द्वारा 1,01,000 ( एक लाख एक हजार ) रुपये की राशि स्थायी कोष ( वृद्धाश्रम ) की स्थापना हेतु सहयोग प्रदान करने पर हार्दिक आभार।

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि

सरल सा व्यक्तित्व था, समाज की वो शान
सेवा, संस्कार, सादगी
वही उसकी अनुपम पहचान
शोक संतप्त हुआ संपूर्ण माहेश्वरी समाज
हर नेत्र गमगीन हुए, हर हृदय में व्यथा का भान।







# स्व. श्री अभिषेक मांधना

## निवर्तमान अध्यक्ष

## श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

श्री माहेश्वरी समाज के होनहार, ऊर्जावान, एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित

**स्व. श्री अभिषेक मांधना जी**

( निर्वतमान अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर )

का हाल ही में आकस्मिक निधन हो गया।

अभिषेक जी न केवल समाज के सक्रिय कार्यकर्ता थे, बल्कि एक अत्यंत विनम्र, मृदुभाषी, और हर दिल अजीज व्यक्तित्व के धनी थे। उनके नेतृत्व में नवयुवक मंडल ने अनेक रचनात्मक और सामाजिक कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऊर्जा से भरपूर व्यक्तित्व और सकारात्मक सोच समाज की युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रही। उनका असामयिक निधन श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए अपूरणीय क्षति है। समाज ने एक समर्पित सेवक, एक सच्चा मित्र, और एक उज्ज्वल भविष्य की आशा को खो दिया है। उनकी कमी को शब्दों में व्यक्तकरना संभव नहीं है।

श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल, जयपुर एवं सम्पूर्ण माहेश्वरी समाज उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है एवं शोक संतप्त परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता है। हम सब मिलकर दिवंगत आत्मा को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

।। ॐ शांति।।

चला गया छोड़ कर जो ,समाज का दीपक वो,
सेवा रहा जिसका धर्म, कर्म ही थी जिसकी पूजा
हर दिल में वह बसता, सबका था वह नूर प्यारा,
सूना हुआ हृदय जाने से उसके, बन गया नभ का सितारा।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

एवं समस्त कार्यकारिणी (सत्र 2025-28)

## हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**श्री मनोज कुमार बियानी** (मानसरोवर) को सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित होने पर।



**श्री राजरूप मालू** सुपुत्र श्री ताराचंद जी मालू को ऑल राजस्थान कैटरर्स महासंघ के उपाध्यक्ष पद पर चुने जाने पर।



**श्री आशीष सोमानी व परिवार** को उप-मुख्यमंत्री राज. सरकार श्री प्रेमचन्द बैरवा व बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी से Visionary Award-2025 प्राप्त होने पर।

**डॉ. देवांग फलोर** सुपुत्र श्रीमती कुमुद- डॉ. अरुण फलोर को 'Atmospheric and Oceanic Studies' विषय पर शोध कर डॉक्टरेट (Ph.D) की उपाधि प्राप्त करने पर।



**आकांक्षा माहेश्वरी** सुपुत्री श्रीमती मीना-कृष्णगोपाल माहेश्वरी (बंबाला) को CMA की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**अदिती सारडा** सुपुत्री श्रीमती मीना- विजय सारडा को ICAI द्वारा आयोजित चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) की उपाधि प्राप्त करने पर।





**हर्षिता सोमानी** सुपुत्री श्रीमती रेखा- अशोक कुमार सोमानी को ICAI द्वारा आयोजित चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) की उपाधि प्राप्त करने पर




**रमन** सुपुत्र श्रीमती रेखा-अशोक कुमार सोमानी को सीए इंटरमिडिएट के दोनों ग्रुप एक साथ उत्तीर्ण करने पर।



**फैशिखा** सुपुत्री डॉ. रेखा राठी को जयपुर जिला कराटे चैंपियनशिप-2025 में काता में स्वर्ण व कुमिते में कांस्य पदक जीतने के साथ राज. राज्य कराटे चैंपियनशिप में जगह बनाने पर।

**हार्दिक** सुपुत्र श्रीमती रश्मि-नितिन पच्चीसिया को दिल्ली में आयोजित All India जूडो कराते में 2500 बच्चो में गोल्ड मेडल जीतने पर।



### डॉ. गट्टानी राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

14 सितंबर, 2025 को राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह 2025 मे श्री डॉ. प्रेम चंद जी बैरवा, उप मुख्यमंत्री राजस्थान द्वारा दर्शन योग अध्यात्म मे सर्वश्रेष्ठ लेखन एवं हिन्दी भाषा मे योगदान के लिए वैज्ञानिक लेखक डॉ. मनोज गट्टानी को हिन्दी सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



लघुकथा

## सुपर से ऊपर

पृथक-पृथक निवास कर रहे सभी बेटे-बहू, आज फिर पिता के श्राद्ध पर एकत्रित हुए। सभी ने मिलकर उनकी फोटो पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और सदैव एकजुट रहने के लिए संकल्प लेने लगे। वहां उपस्थित पंडितजी ने फोटो को देखकर आश्चर्य से पूछा कि तुम्हारे पास अपने स्वर्गीय पिता की कोई दूसरी तस्वीर नहीं है क्या? इसी एक ही तस्वीर को श्राद्ध के दिन इधर-उधर करते रहते हो, मेरा तात्पर्य, एक दूसरे के घर लेकर आते-जाते रहते हो?

पंडितजी के प्रश्न का एक बेटे ने बड़ी विनम्रता के साथ जवाब दिया षपिताजी की मृत्यु के पूर्व हम सभी भाई उनके साथ मिलजुलकर ही रहते थे लेकिन पारिस्थितिक कारणों से बाद में हमें अलग-अलग होना पड़ा। हम लोगों में प्रेम की कमी न हो, बच्चे 'घर' का महत्व समझे, बड़ों के आदर्श कायम रहे, संस्कृति-संस्कार, अनुशासन व मान-मर्यादा से भलीभांति परिचित हो, इसलिए सारे तीज-त्यौहार हम एक साथ मिलकर मनाते हैं। हर वर्ष बारी-बारी से सबके घर पर पिताजी की पुण्यतिथि का आयोजन करते हैं।

जब पिताजी ने हम लोगों को अपने से कभी अलग नहीं होने दिया, तब हम उनकी तस्वीर को कैसे 'अलग-अलग' कर सकते हैं?



■ जय बजाज

## डैशिंग दरगड टीम ने जीता
## पहला MPC GOLD फैमिली क्रिकेट लीग 2025




MPC GOLD CLUB द्वारा आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की महिला सदस्यों ने भी बढ़-चढकर भाग लिया।

MPC GOLD फैमिली DAY & NIGHT क्रिकेट लीग का समापन एक भव्य समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेता टीम डैशिंग दरगड के कप्तान श्री निर्मल दरगड़ को विजेता ट्रॉफी और टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। रनर टीम का खिताब कालानी पैंथर टीम को मिला। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी एवं क्लब के सदस्य और विशेष अतिथि उपस्थित थे।


# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय अथवा मेल आईडी jmpatrika@gmail.com पर प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**


## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए




### पिछले अंक में दी गई रंग भरो प्रविष्टियों में से प्राप्त प्रथम 5 उत्कृष्ट प्रविष्टियां



नाम
हति हेडा
पिता
शशांक हेडा
आयु 2 वर्ष




नाम
निहारिका
पिता
विपिन जाखेटिया
आयु 10 वर्ष



नाम
निभीष माहेश्वरी
पिता
अभिषेक चितलांग्या
आयु 6 वर्ष



नाम
रिशान भंसाली
पिता
रवि भंसाली
आयु 8 वर्ष



नाम
कविर भंसाली
पिता
रवि भंसाली
आयु 5 वर्ष

## Creative Corner



FIND 15 OBJECTS IN THE PICTURE



## WORD POWER

### VOCABULARY CORNER
### Learn, Play & Win

Each month, will share 10 new words. Use all of them to write a short passage or a story and mail it to us (jmpatrika@gmail.com). Save and remember these words—they'll help to participate in the Vocabulary Contest held every three months with fun activities like quizzes, crosswords and more. Winners will get prizes and a feature in the magazine.

**Set 1**

1. **Juggling** to do many things at one time.
2. **Organised** proper arrangement.
3. **Clutter** untidy collection of things
4. **Cautious** to be careful to avoid any possible danger.
5. **Plush** Expensive and full of luxury.
6. **Spotless** Perfectly clean .
7. **Well-maintained** Well looked-after.
8. **Finicky** Very fussy.
9. **Error** to do some mistake.
10. **Blunder** A big and stupid mistake.

## वर्ग पहेली–19

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | | 10 | | | 11 | 12 |
| 13 | | | 14 | | | 15 | | |
| 16 | | 17 | | | | 18 | 19 | |
| | | 20 | 21 | | 22 | | 23 | |
| 24 | 25 | | 26 | | | | | |
| | 27 | 28 | | | | | 29 | 30 |
| 31 | | | | | 32 | | | |

### संकेत– बाएँ से दाएँ

1. उत्पात, हलचल (4), 4. स्काउट (4), 7. बायाँ (2), 8. दिलेरी, हिम्मत (3), 9. आज्ञाकारी (5), 11. पेड़ जिसका फल निम्बोली कहलाता है (5), 13. आसक्त, लगा हुआ (2), 14. भाषण (4), 16. मोती (3), 18. नवनीत (3), 20. वार्तालाप (4), 23. बेल (2), 24. तीव्र गर्म हवा (2), 26. वर्षा होना (5), 27. बाँस आदि से बना ऊँचा मंच (3), 29. कुबेर के गण (2), 31. नदी की धारा की आवाज (4), 32. कल्याणकारी, मंगलचिह्न (4),

### वर्ग पहेली 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | 2 ल | ह | 3 ज | | 4 दे | 5 व | 6 न | द |
| 7 भा | ड़ | | न | | 8 शा | य | र | |
| | 9 क | ड़ | वा | 10 ह | ट | | 11 मी | 12 रा |
| 13 आ | प | | 14 दी | वा | न | 15 गी | | ष्ट्र |
| 16 ज | न | 17 क | | म | | 18 त | 19 म | गा |
| क | | 20 द | 21 ल | ह | 22 न | | 23 नो | न |
| 24 ल | 25 वा | | 26 क | ल | म | दा | न | |
| | 27 न | 28 क | द | | स्का | | 29 य | 30 दा |
| 31 भ | र | स | क | | 32 र | वा | न | गी |

### ऊपर से नीचे–

1. चूल्हे पर रोटी बनाने का बर्तन (2)
2. एक ही देश का (5)
3. ब्रह्मांड (4)
4. जादूगरी (4)
5. अंश, अल्प मात्रा (2)
6. अवलेह (3)
10. छिद्रान्वेषण, बुराईयाँ ढूँढना (5)
12. बड़प्पन (5)
13. नूपुर, घुंघरू (4)
15. लक्ष्मी (2)
17. एक मुस्लिम तीर्थ (2)
19. नायक का प्रतिद्वंदी (5)
21. तप का तेज (4)
22. सूर्य की किरण (4)
25. जुड़वाँ (2)
30. नष्ट होने वाला (2)

## अन्तर्विद्यालयी स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीते पुरस्कार



विद्यार्थियों ने विभिन्न अन्तर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। 2 अगस्त को एम.पी.एस. प्रतापनगर में आयोजित 'किड्डोफेस्ट 2025' में सिनेक्राफ्ट (फिल्म मेकिंग) प्रतियोगिता में छात्र लक्षित शर्मा और ज्ञानदीप सिंह राजावत ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। एम.पी.एस. कालवाड़ रोड़ में 6 अगस्त को 'एक्सेलेन्सिया-2' में तनिषा शर्मा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 21 अगस्त को एम.जी.पी.एस. विद्याधर नगर में 'एक्प्रेशन 2025' प्रतियोगिता में 'मीम मेकिंग' में छात्र प्रशस्त टांक और रचित सैन ने तथा 23 अगस्त को 'एड-ओ-मेनिया' में चांदनी, गौरांशी, इशिका शर्मा, हर्ष बारेसा व सौभव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## हर्षोल्लास से मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



विद्यालय के लाहोटी सभागार में 14 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बाल-गोपाल, श्रीकृष्ण कन्हैया की सुन्दर झाँकी सजाई गई और माखन मिश्री का भोग लगाया गया। कृष्ण जन्मोत्सव के दिव्य और भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री नवरतन बागड़ी, मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू, प्रबंध समिति सदस्य श्री महेश बाहेती, श्रीमती प्रिंसी मंडोवरा, भवन समिति सदस्य श्री राजरतन पटवारी, प्राचार्य डॉ. अरुणेश सक्सेना और अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर श्री कृष्ण के बाल विग्रह का तिलक वंदन किया गया एवं सुमनहार पहनाकर भगवान का पूजन किया गया। विद्यालय के मानद् सचिव महोदय ने उद्बोधन में सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने श्री कृष्ण द्वारा दिए गए कर्म संदेश व जीवन



आदर्शों की वर्तमान में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एम.पी.एस. संस्कृति के नन्हे बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण महारास लीला तथा कृष्ण-सुदामा मिलन को लघु नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। भक्तिभाव से परिपूर्ण सुमधुर भजनों की प्रस्तुति के उपरान्त श्री कृष्ण की आरती की गई एवं माखन मिश्री का भोग लगाकर सभी ने आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर लेवल 1 के बच्चों ने फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा लेवल 2 और 3 के बच्चों ने राधा-कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने जन्माष्टमी का महत्त्व समझा और सभी ने साथ मिलकर पूजा की। इस आयोजन ने बच्चों को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा व आत्मरक्षा की कार्यशालाओं का आयोजन





विद्यालय में 20 अगस्त को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा उपायों पर ट्रेफिक इंस्पेक्टर श्री प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को ट्रेफिक नियमों के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित प्रश्न पूछकर कार्यशाला का लाभ उठाया। कक्षा 11 और 12 की छात्राओं ने 22 अगस्त को पुलिस विभाग द्वारा आयोजित विशेष सुरक्षा कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में 'राजकॉप सिटिजन' ऐप के बारे में जानकारी दी गई, जो आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने वाला एक महत्त्वपूर्ण सुरक्षा साधन है। 23 अगस्त को कलिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा कक्षा 8 से 12 की छात्राओं के लिए स्वयं-सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीक, सड़क सुरक्षा, व्यक्तिगत सतर्कता, राजकॉप सिटिजन ऐप और हेल्पलाइन नंबर 1090 की जानकारी दी गई।

## विघ्नहर्ता गणेशजी का मनाया जन्मोत्सव

गणेश चतुर्थी के अवसर पर विद्यालय में 27 अगस्त को बुद्धि, समृद्धि और भाग्य के देवता विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुणेश सक्सेना ने पूजा अर्चना की तथा मोदक का भोग लगाकर आरती की। इस अवसर



पर प्राचार्य महोदय ने गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर एम.पी.एस. संस्कृति के लेवल 2 के बच्चों ने स्पंज डबिंग आर्ट के माध्यम से गणेश जी की आकृति बनाई और गणेश चतुर्थी के महत्त्व के बारे में जाना।

## एम.पी.एस. संस्कृति, तिलक नगर

### मित्रता की भावना के साथ मनाया फ्रेंडशिप डे



फ्रेंडशिप डे के अवसर पर 1 अगस्त को बच्चों ने अपने सभी दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप डे मनाया। बच्चों ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बाँधे और डांस करके अपनी खुशी प्रकट की। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को अपने दोस्तों के साथ समय बिताने, मस्ती करने और अपनी दोस्ती को मजबूत करने का अवसर मिलता है तथा उनमें आपसी प्रेम, सहयोग और मित्रता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

### राखी मेकिंग



लेवल 3 के बच्चों ने 8 अगस्त, 2025 को रंग-बिरंगी राखियाँ बनाकर रक्षाबंधन पर्व के महत्त्व को समझा। इसके माध्यम से बच्चों को आपस में भाई-बहन के प्रति प्यार और स्नेह प्रकट करने का अवसर प्राप्त हुआ, साथ ही उन्होंने सूक्ष्म मोटर कौशल और एकाग्रता में सुधार करना सीखा। बच्चों ने हाथ से बने उपहारों का महत्त्व भी समझा। सभी बच्चों के लिए यह एक अनोखा अनुभव था, जिसने उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया।

### भजन गायन प्रतियोगिता



लेवल 2 के बच्चों में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता पैदा करने के लिए 13 अगस्त को भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने पूरे सुर और ताल में अलग-अलग भजन गाए। इस प्रतियोगिता से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा और सांस्कृतिक मूल्यों की समझ भी विकसित हुई। लेवल 3 के बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें 30 अगस्त को अभिव्यक्ति कौशल विकास संबंधी गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने अपने अभिभावकों के बारे में पंक्तियाँ तैयार करके प्रस्तुत कीं।

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर ✆ 2651854, 2653552

### कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम











दिनांक 14 अगस्त, 2025 को विद्यालय की प्राथमिक शाखा ने कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सभागार तक्षशिला में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या सुश्री रीता भार्गव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभागार को फूलों, पताकाओं और पारंपरिक रूपांकनों से खूबसूरती से सजाया गया था, जो सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव दोनों को दर्शा रहे थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की पहली कड़ी के रूप में भगवान कृष्ण के जीवन के दृश्यों को दर्शाती एक भक्तिमय प्रस्तुति हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने सोत्साह भाग लिया जिनमें से कुछ विद्यार्थी भगवान कृष्ण और कुछ राधा के रूप में थे। उनकी जीवंत वेशभूषा और आनंदमय भावों ने समाँ बाँध दिया। कार्यक्रम में गीत, भाषण और नृत्य जैसी विविध प्रस्तुतियाँ समाहित थीं।

### 15 अगस्त को विद्यालय में ध्वजारोहण



15 अगस्त केवल एक तिथि नहीं बल्कि राष्ट्रीय गौरव का दिवस है। देश के 79वें स्वाधीनता दिवस के पावन प्रसंग पर विद्यालय परिसर में निवर्तमान मानद सचिव सीए अमित जी गट्टानी, वर्तमान मानद सचिव सीए संजय जी बाँगड़, वर्तमान भवनमंत्री प्रवीण जी लड्ढा और प्राचार्या रीता भार्गव जी ने राष्ट्रध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया। प्रबंध समिति के गणमान्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रगान के पश्चात कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए संकल्प भरा यह संदेश दिया कि 'उस स्वर्ण दिवस के लिए आज से कमर कसें, बलिदान करें। जो पाया उसमें खो न जाएँ, जो खोया उसका ध्यान करें।'

### महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





दिनांक 23 अगस्त को तक्षशिला सभागार में सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी-इस साप्ताहिक अभियान के तहत राजस्थान पुलिस के आयुक्तालय जयपुर की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव सी ए श्री अमित जी गट्टानी व प्राचार्या श्रीमती रीता भार्गव जी के द्वारा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता व अतिथि श्रीमती सुनीता मीना, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व नोडल ऑफिसर, निर्भया स्क्वॉड जयपुर का परंपरानुसार पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आत्मरक्षा हेतु संबोधित करते हुए अति. पुलिस उपायुक्त सुनीता जी मीना ने आत्मसुरक्षा लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता, महत्त्व, आत्मरक्षा के उपायों की महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुए साइबर क्राइम के प्रति सावधान रहने की हिदायत दी।

### श्रीमती पूर्णिमा मंगतानी का सेवानिवृत्ति समारोह

दिनांक 30 अगस्त, 2025 को विद्यालय के हिंदी विभाग की प्राथमिक अध्यापिका श्रीमती पूर्णिमा मंगतानी की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रही अध्यापिका पूर्णिमा मंगतानी, विद्यालय के मानद सचिव सीए अमित जी गट्टानी, विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती अरुणा जी





गगरानी, प्राचार्या रीता भार्गव जी व उपप्राचार्य डीडी पाठक जी मंचासीन थे। मानद सचिव श्री अमित गट्टानी ने अध्यापिका पूर्णिमा मंगतानी के सफल व सुदीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावी उज्ज्वल जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

### शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

ज्योतिपुंज बनकर गुरु वसुंधरा पर आया।<br>अज्ञान के अंधकार से जगती को बचाया।।





शिक्षकों के सम्मान में इसी भाव को श्रद्धापूर्वक ग्रहण करते हुए 4 सितंबर, 2025 को विद्यालय के तक्षशिला सभागार में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में छात्र प्रतिनिधियों के नेतृत्व व प्राचार्या रीता भार्गव के मार्गदर्शन में सारगर्भित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर विद्यालय की प्राचार्या रीता भार्गव और उपप्राचार्य डी डी पाठक के द्वारा माल्यार्पण से हुआ। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अतिश्रद्धा भाव से वाद्ययंत्रों के साथ बहुत ही प्रासंगिक समूह गीत प्रस्तुत किये। पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा ऑर्केस्ट्रा (वाद्य-वृन्द) की प्रस्तुति रही जिसमें कनिष्ठ व वरिष्ठ छात्र कलाकारों ने मिलकर वाद्यों की ध्वनियों से उत्पन्न मधुर संगीत के द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त शिक्षकों के प्रति सम्मान-भाव अर्पित किया। सांस्कृतिक गतिविधि के छात्र-प्रतिनिधि दक्ष शर्मा और हेड गर्ल वंशिका गुर्जर ने अपने भाषण में शिक्षकों के अमूल्य योगदान का उल्लेख करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय के इंटरेक्ट क्लब के प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनशीलता का परिचय देते हुए बहुत ही आकर्षक व कलात्मक शुभकामना-कार्ड बनाकर प्राचार्या रीता भार्गव और उपप्राचार्य डी डी पाठक को भेंट किया। प्राचार्या ने सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के बिना विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण व सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकती। छात्रों के हृदय में नित्य ही शिक्षकों के प्रति सम्मान तथा कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। मंच संचालन डिप्टी हेड बॉय मुकुंद सोनी ने किया। हेड बॉय राघव मोहता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## इंटरेक्टर्स ने पुलिसकर्मियों संग मनाया रक्षाबंधन




इंटरेक्ट क्लब के तत्वावधान में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर विद्यालयी छात्राओं ने स्थानीय पुलिस थाने का दौरा कर पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बाँधी। पुलिस अधिकारियों से संवाद कर समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका को समझते हुए सुरक्षा प्रहरी पुलिस बल के प्रति स्नेह, सम्मान और आभार प्रकट किया।

## विद्यालय में मनाई गई गणेश चतुर्थी




इंटरेक्ट क्लब द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कला का प्रदर्शन करते हुए प्रथम पूज्य विनायक की मिट्टी से आकर्षक प्रतिमाएँ तैयार कीं। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने गणेश उत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में कला, संस्कृति और भक्ति के समन्वय का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। अंत में 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष के साथ भगवान गणेश से ज्ञान, विवेक और मंगलमय जीवन की कामना की।

## अन्तः सदन प्रतियोगिताएँ

### Role Play Competition –

कक्षा 1 से 5 तक की छात्राओं के लिए रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 3 तक की नन्हीं बालिकाओं ने अपने पसंदीदा कार्टून पात्रों की भूमिका निभाकर सबका मन मोह लिया, वहीं कक्षा 4 व 5 की छात्राओं ने People in my world विषय पर शानदार प्रस्तुति दी।

### एकल नृत्य प्रतियोगिता –

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा 9 व 10 के लिए सदनात्मक Solo dance Competition धूमधाम से आयोजित किया गया। चार वर्गों में विभाजित प्रतियोगिता 'Bollywood Bonanza', 'Fusion Frenzy' थीम आधारित थी। नृत्य प्रतिस्पर्धा में प्रतिभागियों ने अपने नृत्य के अनुरूप परिधान पहनकर अपने मन के कोमल भावों को अभिव्यक्त करते हुए वातावरण को आनंदित कर दिया।

### भजन गायन प्रतियोगिता

कक्षा 6 से 8 व 11वीं, 12वीं की छात्राओं के लिए भजन गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने मधुर गायन से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

## कॉमर्स क्लब गतिविधि

### Ad–Mad – Show का आयोजन

वाणिज्य क्लब के तत्वावधान में कक्षा 11 व 12 की कॉमर्स छात्राओं के लिए 'एड-मैड-शो'



का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथि व निर्णायिका माहेश्वरी महिला परिषद की सदस्या श्रीमती सुनीता बाहेती एवं श्रीमती किरण सारड़ा का स्वागत विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश बिड़ला, कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने पुष्पगुच्छ, दुपट्टा एवं स्मृति चिह्न भेंट कर बड़े हर्षोल्लास के साथ किया। कार्यक्रम को रोचक, मनोरंजक बनाने के लिए नृत्य, गायन तथा अन्य रंगारंग प्रस्तुतियाँ देते हुए छात्राओं ने टीम वर्क करते हुए विभिन्न प्रकार के क्रियात्मक उत्पादों को अभिनव और हास्यात्मक रूप में प्रदर्शित किया। निर्णायक मण्डल ने छात्राओं के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर कक्षा 11 व 12 से अलग-अलग विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र प्रदान किए। पधारे हुए अतिथियों और मानद् सचिव महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्राओं की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्राओं में आत्मविश्वास, व्यावहारिक समझ विकसित करती हैं और उन्हें व्यावसायिक जीवन के लिए तैयार करती हैं।

## विशेष उपलब्धि



MBV ... एक्सीलेंस अवार्ड 2024-2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष तथा रोटरी फाउंडेशन के चेयरमेन द्वारा हस्ताक्षरित है। यह पुरस्कार विश्वभर के इंटरेक्ट क्लब को उनकी उत्कृष्ट गतिविधियों, प्रतिबद्धता, टीमवर्क तथा सामुदायिक सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में विद्यालय द्वारा किए गए रचनात्मक और प्रभावी सामाजिक कार्यों के लिए रोटरी क्लब जयपुर की ओर से बेस्ट सोशल सर्विस प्रोजेक्ट अवार्ड 2024-2025 भी दिया गया।

# दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर ✆ 2236571, 2236588

## त्रिदिवसीय अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर





एमजीपीएस, विद्याधर नगर में प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 21 अगस्त, 2025 से 23 अगस्त, 2025 तक अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिता 'एक्सप्रेशन' का अतुलित उत्साह और उमंग के साथ आयोजन किया गया। इस समारोह के अतिथिगण चेयरमैन, नगर निगम, जयपुर ग्रेटर श्री नरेंद्र सिंह शेखावत, प्रमुख समाजसेवी श्री भवानी छापरवाल (माहेश्वरी) तथा श्रीमती संगीता बजाज द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के समापन समारोह में अतिथिगण CA श्री चंदन मालपानी, श्री दिनेश झँवर, श्री श्रवण बियानी तथा श्री संदीप झँवर उपस्थित रहे। समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, विद्यालय मानद सचिव श्री घनश्याम कचौलिया, नवनिर्वाचित भवन मंत्री श्री दामोदर जी फलोड़ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम को साहित्यिक दिवस, विज्ञान दिवस और वाणिज्य दिवस के रूप में मनाया गया। जयपुर के लगभग 25 प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं के परिणामों के आधार पर 'रनिंग ट्रॉफी' मेज़बान विद्यालय एम.जी.पी.एस. ने प्राप्त की लेकिन मेज़बानी परंपरा का निर्वाह करते हुए यह ट्रॉफ़ी द्वितीय स्थान पर रहे कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल को प्रदान की गई। अतिथिगण ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए नवोदित प्रतिभाओं की सराहना की और बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## खेलों की दुनिया में रचा इतिहास

विद्यालय की छात्राओं ने अपनी मज़बूत बुनियाद का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्तरों पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में पदकों को जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। योग प्रतियोगिता में U-19 श्रेणी में अवनी शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से स्वर्ण पदक जीता। वहीं U-14 श्रेणी में दुशाला सिंह ने व्यक्तिगत रूप से कांस्य पदक जीता।

| प्रतियोगिता | खेल का नाम | परिणाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| CBSE वेस्टज़ोन ओवर ऑल गर्ल्स | ताईक्वांडो | 6 स्वर्ण, 3 रजत, 5 कांस्य | गांधीनगर, गुजरात |
| CBSE वेस्टज़ोन | योगासन | 2nd रनर ट्रॉफी | नन्दूवा इंग्लिश एकेडमी, सूरत |
| CBSE वेस्टज़ोन U-19 | योग | कांस्य | नन्दूवा इंग्लिश एकेडमी, सूरत |
| CBSE वेस्टज़ोन, U-19 | योग | स्वर्ण | नन्दूवा इंग्लिश एकेडमी, सूरत |
| CBSE वेस्टज़ोन, U-14 टीम इवेंट | योग | स्वर्ण | नन्दूवा इंग्लिश एकेडमी, सूरत |
| CBSE वेस्टज़ोन, U-17 टीम इवेंट | योग | रजत | नन्दूवा इंग्लिश एकेडमी, सूरत |
| CBSE क्लस्टर XIV U-19 | कबड्डी | रजत | वोहरास ग्लोबल स्कूल, महुआ |
| CBSE क्लस्टर XIV U-14 | कबड्डी | स्वर्ण | वोहरास ग्लोबल स्कूल, महुआ |
| CBSE क्लस्टर XIV U-17 | कबड्डी | स्वर्ण | वोहरास ग्लोबल स्कूल, महुआ |
| CBSE क्लस्टर XIV U-14 | वॉलीबॉल | कांस्य | आइडियल पब्लिक स्कूल, चूरू |
| CBSE क्लस्टर XIV U-17 | वॉलीबॉल | रजत | आइडियल पब्लिक स्कूल, चूरू |
| CBSE क्लस्टर XIV U-19 | खो-खो | रजत | एम.डी. भाटी सरस्वती स्कूल, चूरू |
| CBSE क्लस्टर XIV | टेबल टेनिस | कांस्य | संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, बीकानेर |
| CBSE क्लस्टर XIV U-17 | बास्केट बॉल | कांस्य | मयूर स्कूल, श्रीगंगानगर |
| 20th उपेंद्र सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल चैंपियनशिप | वॉलीबॉल | स्वर्ण | टैगोर इंटरनेशनल स्कूल जयपुर |

## बचपन को सुरक्षित करने के सुझाए उपाय

स्पर्श संस्था की ओर से विद्यालय में 2 अगस्त को वरिष्ठ IAS अधिकारी व स्पर्श प्रणेता श्री नवीन जैन ने छात्राओं को सुरक्षित रखने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की।

## छात्राओं ने अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताएँ जीतीं

सह- शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में विद्यालय की छात्राओं ने भाग लेकर और जीतकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

| प्रतियोगिता | परिणाम | आयोजक |
|---|---|---|
| सेमी क्लासिकल नृत्य | प्रथम स्थान | D'Fest, Buskers |
| लोक नृत्य | 2nd रनर | D'Fest, Buskers |
| देशभक्ति गीत | प्रथम स्थान | चिन्मय युवा |
| कोलाज़ | द्वितीय स्थान | जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल |
| पोस्टर मेकिंग | द्वितीय स्थान | महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल |
| कोलाज़ मेकिंग | तृतीय स्थान | महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल |
| सेमी क्लासिकल नृत्य | 1st रनर | जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल |
| सेमी क्लासिकल नृत्य | प्रथम स्थान | माहेश्वरी पब्लिक स्कूल ,प्रतापनगर |
| नृत्य | द्वितीय स्थान | ब्राइट लैंड गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल |
| पोस्टर मेकिंग | द्वितीय स्थान | माहेश्वरी पब्लिक स्कूल ,कालवाड़ रोड |
| वाद-विवाद | द्वितीय स्थान | माहेश्वरी पब्लिक स्कूल ,कालवाड़ रोड |
| साइंस इन एक्शन | द्वितीय स्थान | माहेश्वरी पब्लिक स्कूल ,कालवाड़ रोड |

## उपप्रधानाचार्या जी को मिला पुरस्कार

mgps की उपप्रधानाचार्या श्रीमती डॉली शर्मा जी को National education conclave, नई दिल्ली द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है।




## संस्कृति ने जीते 15000 /- रुपये

विद्यालय की कक्षा 12 की प्रतिभावान छात्रा संस्कृति ने महावीर पब्लिक स्कूल में आयोजित 12वें अंतर्विद्यालयी कत्थक प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी व रुपये 15000 /- जीते।

## स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान से हुआ झंडारोहण



विद्यालय परिसर में 15 अगस्त (स्वतंत्रता) दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कृष्ण कुमार जी सोनी व श्रीमती दीपिका सोनी जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मानद सचिव महोदय श्री घनश्याम जी कचौलिया व समाज के गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर ✆ 9116929333, 9116738408

## Kiddofest - 2025 Together We Shine



विद्यालय में 2 अगस्त, 2025 को Together We Shine थीम पर आधारित अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर फिल्म मेकिंग, नृत्य, पोस्टर मेकिंग तथा नुक्कड़-नाटक जैसी विविध गतिविधियाँ विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन प्रतियोगिताओं में शहर के 23 विद्यालयों के कुल 294 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में शामिल श्रीमती बुद्धेश कँवर, श्रीमती शालिनी सिंघल, श्री संदीप लेले, श्री अखिलेश कुलश्रेष्ठ, श्रीमती मीरा सक्सेना, श्री किशन गजावत, श्रीमती इतिका कुमावत तथा श्रीमती अंकिता शर्मा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। समापन अवसर पर प्रत्येक गतिविधि में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी आमंत्रित अतिथियों, निर्णायक मंडल के सदस्यों तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## विद्यालय में विशेष अवसरों पर प्रार्थना सभा का आयोजन

- 8 अगस्त, 2025 को छात्रों ने रक्षाबंधन पर्व की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भाई-बहन के स्नेह और संबंधों की गरिमा को रेखांकित किया। इसी दिन संस्कृत दिवस का भी महत्व बताया गया और संस्कृत भाषा को जननी एवं ज्ञान की धारा के रूप में प्रस्तुत किया गया।
- 14 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर छात्रों ने आजादी के महत्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों पर प्रेरक विचार साझा किए। इसी अवसर पर जन्माष्टमी पर्व की भी चर्चा हुई, जहाँ श्रीकृष्ण के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
- 27 अगस्त, 2025 को गणेश चतुर्थी और ऋषि पंचमी के अवसर पर छात्रों ने गणेशजी के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं तथा ऋषि पंचमी के महत्व पर अपने विचार रखे।
- 29 अगस्त ,2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस पर छात्रों ने खेलों का जीवन में महत्व बताते हुए स्वस्थ शरीर और अनुशासित जीवन की प्रेरणा दी। इन सभी आयोजनों ने विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना को प्रबल किया।

## विभिन्न अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का मान

- 6 अगस्त, 2025 को एमपीएस, कालवाड़ में आयोजित पोस्टर डिज़ाइन प्रतियोगिता में कशिश तोलानी ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 7 अगस्त, 2025 को कैंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड, स्कूल में आयोजित अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाविका साहू, वंशिका पारीक और अविका जाट ने प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- 8 अगस्त, 2025 को महाराजा सवाई भवानी सिंह, स्कूल में आयोजित आर्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर प्रथम स्थान हासिल किया।
- 19 अगस्त, 2025 को चिन्मय युवा केंद्र, जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 4000 रुपये की नकद राशि जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।



- 22 से 23 अगस्त, 2025 को MGPS, विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने Tessellation (Mathematics and Arts), Debug by our Soul में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इन उपलब्धियों ने न केवल विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया बल्कि यह भी सिद्ध किया कि हमारे विद्यार्थी शैक्षणिक, रचनात्मक एवं बौद्धिक सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहे हैं।

## विशेष उपलब्धियाँ:

- 31 जुलाई से 3 अगस्त, 2025 तक सूरत (गुजरात) में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन योगासन चैंपियनशिप में अंडर -14 ग्रुप के विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक और ट्रॉफी, अंडर-17 में रजत पदक व ट्रॉफी तथा अंडर-19 में स्वर्ण पदक व ट्रॉफी प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।
- एकल प्रदर्शन अंडर-14 ग्रुप में कृष्ण कुमार जोशी ने स्वर्ण पदक व ट्रॉफी, हृदयांश जैन ने रजत पदक व ट्रॉफी, अभिनव गुप्ता ने कांस्य पदक व ट्रॉफी प्राप्त की। अंडर-19 ग्रुप में अंकुश जांगिड़ ने स्वर्ण पदक और ट्रॉफी प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।
- आर्टिस्टिक योगा (सोलो) अंडर-14 ग्रुप में कृष्ण कुमार जोशी, अंडर-17 में अरनव सेन, अंडर -19 में अंकुश जांगिड़ ने स्वर्ण पदक व ट्रॉफी प्राप्त की।



- रिदमिक योगा (सोलो) अंडर- 14 ग्रुप में यथार्थ जैन ने रजत पदक व ट्रॉफी, अंडर-19 में तन्मय सिंह राव ने स्वर्ण पदक व ट्राफी तथा ओवरऑल (Boys) चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्राप्त कर विद्यार्थियों ने विद्यालय की गरिमा में अभिवृद्धि की।

# माहेश्वरी पी.जी. कॉलेज, प्रताप नगर

✆ 9649418880, 9649318880

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

महाविद्यालय में वर्तमान मानद सचिव **श्री दिनेश जी मोदानी** द्वारा नवनिर्वाचित मानद सचिव **एडवोकेट श्री मनीष जी गगरानी** एवं भवन मंत्री **श्री सतीश जी सारड़ा** का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों के साथ परिचयात्मक मीटिंग ली गई व सभी सदस्यों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।





## स्वतंत्रता दिवस समारोह



महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## महाविद्यालय में गत तीन वर्षों ( 2022-2025 ) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का विवरण

| Stream | Name of Students | Placement / Selection | Package | Post |
|---|---|---|---|---|
| BBA - III | Anjali Gang | Bharti Airtel Ltd. | 4.5 Lacs | Accounts Manager |
| BBA - III | Khushi | Bharti Airtel Ltd. | 4.5 | Accounts Manager |
| MA English | Dakshita Sharma | MPS P.N. Jaipur. | - | Primary Teacher |
| BBA - III | Nikita Lakhera | Trimates Tech | 2 Lacs | Business Devel. Executive |
| B.Com-III | Nancy Vaswani | Trimates Tech | 2 Lacs | Business Devel. Executive |
| BBA - III | Chhavi Singhal | Trimates Tech | 2 Lacs | Business Devel. Executive |
| B.Com-III | Deepika Namdev | Trimates Tech | 2 Lacs | Business Devel. Executive |
| Science | Divya Meena | IIT Bombay | - | - |
| Commerce | Rimjhim Vijay | IIM Kashipur | - | - |
| Science | Shubha Sharma | IIT-JAM | - | - |
| Commerce | Soniya Bohra | SCMHRD ,Pune | - | - |
| Commerce | Janvi Yadav | UGC-NET | - | Qualified |
| Arts & Hum. | Shobhana Meena | UGC-NET | - | Qualified |
| Arts & Hum. | Dolly Ersani | UGC-NET | - | Qualified |
| Arts & Hum. | Vatsala Mansinghani | UGC-NET | - | Qualified |
| Arts & Hum. | Aarti Jangid | Won 3rd Prize of Rs 1,100 in Mayuri Mono Acting Competition, | - | - |

### State/National/International Level

| Activity | Name of Students | Conducting Authority | Achivements |
|---|---|---|---|
| NSS | Volunteer : Chelsi Sain Yogita Sharma | GoI, ministry of youth affairs & sports regional directorate NSS, Jaipur, Raj. | Participation in NSS National adventure camp held at Himachal Pradesh - Nov-24 |
| NSS | Dr. Kirti Rawat, NSS Program Officer | Director of College Education | Received State Level Award as NSS Program Officer in the year 2025. |

| Name of Students | Course | Results |
|---|---|---|
| Dhara Sharma | MHRM | Gold Medalist 23-24 |
| Dakshita Sharma | MA (Eng.) | Gold Medalist 24-25 |
| Nainika Maheshwari | CA | CA Intermed. Exam - 2024 |
| Ayushi Garg | CA | CA Intermed. Exam - 2023 |
| Yukti Gangwani | C.M.A. Found. | Qualified |
| Radhika Jhanwar | C.S. Found. | Qualified |
| Priyanka Barman | C.M.A. Found. | Qualified |
| Paarth Rawal | C.S. Found. | Qualified |
| Harsh Vijay | C.S. Found. | Qualified |
| Harsh Rathi | C.S. Found. | Qualified |
| Gaurvi Paliwal | C.S. Found. | Qualified |
| Anshika Maheshwari | C.S. Found. | Qualified |
| Cheena Goyal | C.S. Found. | Qualified |
| Disha Maheshwari | C.S. Found. | Qualified |
| Gaurvi Paliwal | C.S. Found. | Qualified |
| Palak Wadhwani | C.M.A. Foundation | Qualified |
| Piyush Sharma | C.A. Found. | Qualified |
| Rima Choudhary | C.M.A. Found. | Qualified |
| Yuvika Parwal | C.M.A. Foundation | Qualified |
| Niharika Jajoiriya | NEET Exam | Qualified |
| Lakshya Maheshwari | PGDM | Qualified |
| Palak Dhoot | PGDM | Qualified |
| Lakshita Kumawat | District level quiz NSS | Qualified |



माहेश्वरी पब्लिक स्कूल अजमेर रोड एवं एमपीएस संस्कृति के प्रांगण एवं प्रातः कालीन सभाओं में विभिन्न राष्ट्रीय एवं धार्मिक पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिनसे न केवल सांस्कृतिक वातावरण बना बल्कि सभी को इन पर्वों के महत्व की जानकारी भी मिली।

## त्योहारों के रंग




स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। संस्कृति विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति और देशप्रेम से भरे गीत व संवादों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के रंग में एकल नृत्य, गीत, कविताएँ और नाटक प्रस्तुत किए, बच्चों ने झंडे और पोस्टर भी बनाए, कक्षा छह से बारह के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अपने-अपने सदन से स्ट्रीट प्ले (नुक्कड़ नाटक), माइम प्रतियोगिता एवं विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के सजीव चरित्र अभिनय को प्रस्तुत किया। विशेष प्रार्थना सभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर एक विशेष प्रस्तुति आयोजित की गई।

गणेश चतुर्थी के अवसर पर विद्यार्थियों ने 'गणपति बप्पा मोरया' के स्वर से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना भगवान गणेश के जीवन से जुड़ी घटनाओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति कर गणेश जी की बुद्धि, ज्ञान और उनकी उपासना के महत्व को दर्शाया और जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के






जन्म और माखन-चोरी की लीलाओं के प्रसंग, 'दही-हांडी' प्रतियोगिता को बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।

## राधा अष्टमी :



इस अवसर पर छात्राओं ने राधा जी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक अभिनय में राधा-कृष्णजी के मधुर सम्बन्ध और भक्ति का सुंदर चित्रण दिखा सभी जनों को भावविभोर कर दिया।



## शैक्षिक गतिविधियाँ

कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों के लिए मैथ्स ज्योमैट्रिकल आर्टिकल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं अन्य गतिविधि -टेबल चौंप गतिविधि के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चों ने गणित के टेबल (पहाड़े) अबाध गति से सुनाए। बच्चों में आत्मविश्वास एवं संस्कृति के मूल्य स्थापित करने के लिए स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता एवं श्लोक उच्चारण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया।





## वृक्षारोपण



शैक्षणिक गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय के छोटे बच्चों ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी और स्थिरता का परिपालन करते हुए माँ को समर्पित एवं माँ के साथ पेड़-पौधे लगाए।



## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# एम.पी.एस. इंटरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक नगर ✆ 2621544, 2621545

### सेवा अलमारी की व्यवस्था विद्यार्थियों की अनोखी शुरुआत

सेवा क्लब के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यकता पड़ने पर खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु 'छोटा कदम बड़ा प्रभाव' का प्रयास करते हुए सामुदायिक अलमारी की व्यवस्था की गई। जिससे समस्त विद्यार्थियों में त्याग, समर्पण व सामंजस्य की भावना का संचार हुआ।



### 'हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन



विद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नगर निगम डॉक्युमेंटेशन इंजीनियर योगेश शर्मा तथा आकाश राज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय सचिव श्री दीपक जी सारड़ा, भवन मंत्री श्री महेश जी चांडक तथा प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने विद्यार्थियों से साझा किया कि यह अभियान हर भारतीय को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने, निष्ठा की शपथ लेने और देश के सामूहिक गौरव का अनुभव करने के लिए प्रेरित करता है।

### जन्माष्टमी महोत्सव पर कृष्णमय हुआ विद्यालय प्रांगण

विद्यालय में विद्यार्थियों को मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करने तथा भारतीय संस्कृति से अवगत करवाने हेतु जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय सचिव श्री दीपक जी सारड़ा, भवन मंत्री श्री महेश जी चांडक एम.एम.सी. मेंबर्स श्री राधेश्याम जी काबरा, श्री रोशन जी अजमेरा, श्री राजकुमार जी अजमेरा तथा प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने इस पावन अवसर पर झूले में विराजित मुरली मनोहर को झूला झुलाया एवं विद्यार्थियों को कृष्ण के जीवन दर्शन से प्रेरित होकर धर्म, कर्म तथा भक्ति की राह पर चलते हुए मानवता की सेवा करने का संदेश दिया।





### नेतृत्व क्षमता विकसित करने का द्योतक 'विद्यार्थी परिषद शपथ ग्रहण समारोह' आयोजित



विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों हेतु शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा प्रथम पूज्य गणेश जी की वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय सचिव श्री दीपक सारड़ा, भवन मंत्री श्री महेश चांडक, नवनिर्वाचित विद्यालय सचिव सीए. श्री राधामोहन कचौलिया, नवयुवक मंडल सेक्रेटरी श्री प्रवीण परवाल, एम.एम.सी. मेंबर श्रीमती प्रीति झँवर, श्री आर.एस. काबरा, श्री मनमोहन भूतड़ा और प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने परंपरा का निर्वाह करते हुए विद्यार्थी परिषद के विभिन्न पदों पर चुने गए सदस्यों को बैज तथा सैशे पहनाए।



### राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता का संकल्प



विद्यालय में सीनियर आईपीएस ऑफिसर एडीसीपी श्रीमती सुनीता मीणा जो कि निर्भया स्क्वाड नोडल ऑफिसर के रूप में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं के सुदृढ़ व संकल्पित मार्गदर्शन में सब इंस्पेक्टर इंद्रा अहलावत व 'कालिका महिला पेट्रोलिंग विंग' टीम के सहयोग से छात्राओं को लज्जा भंगता, निजता का हनन, साइबर स्टाकिंग, यौन उत्पीड़न, अश्लील टिप्पणी इत्यादि से घबराने व आत्मविश्वास खोने के स्थान पर आवाज बुलंद करके चिल्लाना, श्री पंचेज से अटैक करना, धरती पकड़ पोजीशन, हाथ छुड़ाना, उचित स्थान पर वार करना इत्यादि गुर सिखाए। साथ ही उन्होंने महिला हेल्पलाइन, व्हाट्सएप हेल्पलाइन, चाइल्ड सिक्योरिटी हेल्पलाइन व साइबर सिक्योरिटी हेल्पलाइन नंबर साझा किए एवं उनका उचित उपयोग सिखाया। प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा व अध्यापिकाओं को सेफ्टी वॉरियर्स का बैज पहनाकर विद्यालय तथा अपने आसपास की सुरक्षा का संकल्प दिलवाया।

### 'सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रभाव' तथा 'पर्यावरण संरक्षण' का संदेश देते हुए मनाया राखी का त्योहार



त्योहार मिलजुलकर मनाने के लिए होते हैं जिससे आपसी सौहार्द बढ़ता है लेकिन जब भाई बहन के पास राखी बँधवाने नहीं पहुँच पाता तो बहन व्हाट्सएप पर राखी भेजती है और ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राखी का त्योहार मनाया जाता है। इसी संदेश के साथ विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें एक लघु नाटिका द्वारा सोशल मिडिया के कारण रक्षाबंधन के त्योहार पर दूरियों को मिटाने के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाया गया। राखी मेकिंग कॉम्पिटिशन में बच्चों ने घर में बचे सामान सीड्स, सेंड आदि से इकोफ्रेंडली राखियाँ बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## विशेष उपलब्धियाँ

### 'सीबीएसई वेस्ट जोनल योगासन टूर्नामेंट-2025' में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने गुजरात के सूरत शहर में आयोजित 'सीबीएसई पश्चिम क्षेत्रीय योगासन टूर्नामेंट - 2025' में शानदार प्रदर्शन किया। योग शिक्षिका श्रीमती सुनीता कुमावत व मिथिलेश शौर्य के मार्गदर्शन में कलात्मक योग में कक्षा -7 की ख्वाहिश शर्मा ने स्वर्ण पदक, लयबद्ध योग में कक्षा -10 के अंगद शर्मा ने कांस्य पदक तथा कक्षा- 9 की गीतिका ने शीर्ष पाँच खिलाड़ियों में स्थान प्राप्त किया। ये सभी राष्ट्रीय स्तर टूर्नामेंट के लिए भी चयनित हुए हैं।

### सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

विद्यालय के विद्यार्थियों ने गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित सीबीएसई पश्चिमी क्षेत्रीय ताइक्वांडो टूर्नामेंट 2025 में खेल शिक्षक श्री आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में ताइक्वांडो अंडर-19 वर्ग में कक्षा 11 के समर्थ बड़ाया ने स्वर्ण पदक, कक्षा 12 के युजवेंद्र सिंह तथा कक्षा 11 के सक्षम बरनेला ने रजत पदक, अंडर 17 वर्ग में कक्षा 9 के गर्वित गुप्ता ने कांस्य पदक प्राप्त किए।



## तिरंगा यात्रा



दिनांक 14 अगस्त को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड रोड के कब एवं बुलबुल द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। अपने हाथों में राष्ट्र की शान तिरंगा थामे कब एवं बुलबुल ने घर-घर तिरंगा, हर-घर तिरंगा, मेरी शान, तिरंगा महान जैसे नारों से वातवरण को देश भक्तिमय कर दिया। रैली विद्यालय परिसर से होते हुए परी चौक, सुशांत सिटी, अंसल एवं श्रीधर सिटी आदि से गुजरते हुए नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरण किए गए एवं राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व एवं भाईचारे के संदेश के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज की गौरवमय यात्रा का संदेश दिया।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

दिनांक 14 अगस्त को विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थी राधा, कृष्ण एवं ग्वाल-बालों का मनमोहक रूप धारण कर विद्यालय पधारे। विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत बाल नृत्य ने सबको मोहित कर दिया। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जन्म, उनकी जीवन यात्रा तथा इस जगत को दिए गए उपदेशों के विषय में सुंदर कविता एवं भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कृष्ण एवं बाल सखाओं ने दही मटकी तोड़कर माखन वितरण किया। प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के उपदेशों को जीवन में धारण करने एवं जीवन प्रबंधन में उपयोग करने की प्रेरणा दी।



- एमपीएस संस्कृति में नन्हें-मुन्ने राधा-कृष्ण के साथ जन्माष्टमी मनाई गई। बच्चों ने श्लोक पाठ, नृत्य और विभिन्न गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## गणेश चतुर्थी



- विद्यालय में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष बाल सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भगवान विनायक की आराधना करते हुए सद्बुद्धि एवं ज्ञान की प्रार्थना की। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रथम पूज्य भगवान गणेश के स्वरूप से मिलने वाली शिक्षाओं को प्रेषित किया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य द्वार पर विराजमान भगवान गणेश की विद्यालय परिवार द्वारा पूजा अर्चना कर मंगल आरती की गई तथा जीवन में सुख-समृद्धि, कल्याण एवं शांति की मंगल कामना की।
- एमपीएस संस्कृति में भी विशेष गणेशोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें रोचक कहानी-कथन सत्र और रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल थीं। जहाँ बच्चों ने कागज और मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमाएँ बनाईं।

## सीबीएसई क्लस्टर गेम्स 2025-26

सीबीएसई क्लस्टर गेम्स 2025-26 में विद्यालय की खेल प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में पदक प्राप्त किए।

- एम. डी. भाटी स्कूल, चुरू में दिनांक 7 अगस्त से 10 अगस्त 2025 तक आयोजित सीबीएसई कलस्टर खो-खो खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की बालिकाओं ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर अंडर-14 बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक एवं अंडर-17 वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।
- द बोहराज ग्लोबल स्कूल महुआ दौसा में 2 अगस्त 2025 से 5 अगस्त 2025 तक आयोजित हुई सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी टूर्नामेंट में विद्यालय की बालिका टीम अंडर 14 एवं अंडर 17 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।




- विवेकानंद पब्लिक स्कूल, खेतड़ी में दिनांक 10 अगस्त से 12 अगस्त 2025 को संपन्न हुई सीबीएसई क्लस्टर अंडर-14 बालक वर्ग खो-खो खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- सीबीएसई बोर्ड के तत्वावधान में दिनांक 23 अगस्त 2025 से 28 अगस्त 2025 तक टी.सी. इंटरनेशनल स्कूल, सुंदरपुर, मध्य प्रदेश में आयोजित अंडर 19 हैंडबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता।
- पिनाकल पब्लिक स्कूल, गुजरात में दिनांक 3 अगस्त, 2025 से 6 अगस्त 2025 तक आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अंडर-14 और अंडर-17 बालक वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# एमपीएस संस्कृति, बनीपार्क

✆ 0141-2203340, 2203341, 7414020004

mps Sanskriti®
Pre Primary School



**प्रकाश बिड़ला ( सचिव )**
9414229270



**राजीव बागड़ी ( भवन मंत्री )**
7877792007



**डॉ. भावना भाटिया ( प्रधानाध्यापिका )**
9610896269







HANDOVER CEREMONY



JANMASTHAMI CELEBRATION





INDEPENDENCE DAY



TEACHERS DAY CELEBRATION



RAM LALA JHANKI

# नवरात्रि की शुभकामनाएं

































## आगीवाल के संयोजन में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम संपन्न



ICAI जयपुर ब्रांच द्वारा 22-23 अगस्त, 2025 को AI Innovation Summit-2025 का आयोजन किया गया, जिसके संयोजक CA अंशुल आगीवाल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि राजस्थान कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ थे। कार्यक्रम में देशभर से 1800 से ज्यादा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया और CA प्रोफेशनल वर्किंग में AI की भागीदारी पर चर्चा की।

## रक्तवीर सम्मान समारोह में माहेश्वरी समाज जयपुर के रक्तवीरों का प्रमुखता से भव्य सम्मान



दिनांक 19 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली स्थित होटल अशोक में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पूरे देश से आए वैश्य समाजबंधुओं, रक्तदाताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री कविंदर गुप्ता, लेफ्टिनेंट गवर्नर लद्दाख सहित देशभर से अनेक सांसद, पूर्व सांसद आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष (राजस्थान) श्री सुरेश कालानी के विशेष प्रयासों एवं उनकी गरिमामयी उपस्थिति में श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के समाजबंधुओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से सर्वश्री अरुण बाहेती, सुशील मंत्री, पंकज कालानी, राजीव बागड़ी, दिनेश बाहेती, अशोक माहेश्वरी, राम अवतार काबरा, गोविंद मालपानी, धीरज मनोहर मोहता, सतीश मालपानी, श्याम दास मंत्री, हरि किशन सोढानी, परशुराम बागड़ी, जमना दास राठी, सोहन लखोटिया, अनिल मालपानी, अतुल कृष्ण कोठारी, राम अवतार तोषनीवाल, रमाकांत शारदा, उमेश परवाल एवं कौशल सोनी शामिल रहे। इन सभी समाजबंधुओं को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित करना न केवल उन्हें गौरवान्वित करता है बल्कि युवा पीढ़ी को भी सेवा, संगठन और समर्पण की प्रेरणा देता है।

## त्रुटि सुधार

जयपुर माहेश्वरी पत्रिका के पिछले माह अगस्त, 2025 के अंक में पृष्ठ संख्या 24 पर महिला परिषद के चुनाव परिणामों में वैशाली नगर चौकड़ी में क्र.सं. 7 पर विजयश्री बिहानी के सामने परिणाम वाले कॉलम में त्रुटिवश 'निर्वाचित घोषित' छप गया है, जिसकी जगह रिक्त पढ़ा जाये।

## शहर की अशक्त/विधवा समाज बहनों का बहुमान

रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य पर अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा द्वारा प्रेरित श्रीकृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट एवं ए.बी.एम.एम. माहेश्वरी रिलीफ फाउण्डेशन ने जयपुर क्षेत्र की दो सौ अशक्त माहेश्वरी विधवा बहनों को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य पर पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री जुगलकिशोर सोमाणी के आग्रह पर महासभा सभापति श्री संदीप जी काबरा तथा जाजू ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रामपाल जी सोनी ने प्रत्येक बहन को ग्यारह सौ रुपए व एक-एक साड़ी भेंट करने के लिए जयपुर भेजी। इस कार्य को संपादित करने में सहभागी बने सर्वश्री सीए सत्यनारायण जी काबरा (प्रदेश अर्थमंत्री), रामअवतार जी आगीवाल (प्रदेश उपाध्यक्ष) व अन्य कई समाज बंधु-भगिनी।

श्री जुगलकिशोर सोमाणी द्वारा केन्द्र सरकार के Namo App पर घातक बीमारियों के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टीकाकरण के लिए सुझाव प्रेषित किये गये थे, जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इस सुझाव पर काम करने का आश्वासन दिया है।

## श्री नरायना माहेश्वरी समाज, जयपुर की गोठ आयोजित



नरेना माहेश्वरी समाज, जयपुर की सामूहिक गोठ का आयोजन गोपालपुरा बाईपास रोड स्थित सुखद गार्डन में किया गया, जिसमें जयपुर में रहने वाले नरायना के माहेश्वरी परिवार अपनी बहन-बेटियों के परिवार संग शामिल होकर बहुत उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुमनलताजी दरगड (धर्मपत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश जी दरगड़) एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती संतोष मालू (धर्मपत्नी श्री रमेश मालू) रहे।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री उमेश सोनी जी, श्री माहेश्वरी महिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती स्नेहलता जी साबू, श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष श्री अखिल भाला एवं सचिव श्री प्रवीण परवाल एवं श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के उपाध्यक्ष शिक्षा श्री निर्मल जी दरगड़ तथा अन्य नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं में सर्वश्री पवन मालू, राजेश सोढानी, मुकेश मोदानी, पवन आगीवाल, दीपक तेला, रघुनंदन राठी, कैलाश मालू, बसंत राठी, जुगल परवाल, प्रसन्न मूंदड़ा, अखिल तेला, अमित सोढानी के साथ युवाशक्ति एवं नारीशक्ति का भरपूर सहयोग रहा।

## नर सेवा, नारायण सेवा :
## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प



समाजसेवी श्री रमेश जी मनिहार के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 21 अगस्त, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री परशुराम बागड़ी सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाजसेवी श्रीमती प्रिया धर्मपत्नी स्व. श्री विष्णु बाहेती के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 11 सितम्बर, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शकुंतला राठी एवं बाहेती परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाजसेवी श्री मधुसूदन मांधनिया के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 4 सितम्बर, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, पलक मांधनिया, श्रीमती प्रिया बाहेती एवं मांधनिया परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




विद्याधर नगर जयपुर में
Cloud KITCHEN
(A Unit of Buffet Badshah)
नितिन माहेश्वरी
98290-28642
एक बार सेवा का मौका अवश्य देवें

| 10 Pax 1600 Rs | 10 Pax 2200 Rs | 20 Pax 2800 Rs | 20 Pax 4000 Rs |
|---|---|---|---|
| दाल तड़का 2 Kg | दाल मखानी 2 Kg | दाल तड़का 4 Kg | दाल मखानी 4 Kg |
| मिक्स वेज 2 Kg | पनीर लबाबदार 2 Kg | मिक्स वेज 4 Kg | पनीर लबाबदार 4 Kg |
| जीरा राईस 2 Kg | वेज रायता 2 Kg | जीरा राईस 4 Kg | वेज रायता 4 Kg |
| 30 बटर चपाती ग्रीन सलाद | जीरा राईस 2 Kg | 60 बटर चपाती ग्रीन सलाद | जीरा राईस 4 Kg |
| डिस्पोजल सहित फ्री | 30 बटर चपाती ग्रीन सलाद | डिस्पोजल सहित फ्री | 60 बटर चपाती ग्रीन सलाद |
| | डिस्पोजल सहित फ्री | | डिस्पोजल सहित फ्री |

| सब्जियां kg में | |
|---|---|
| 1. पनीर बटर मसाला | -380/- |
| 2. पनीर लबाबदार | - 360/- |
| 3. कढ़ाई पनीर | - 360/- |
| 4. शाही पनीर | - 360/- |
| 5. मिक्स वेज | - 320/- |
| 6. दाल फ्राई | - 260/- |
| 7. दाल तड़का | - 280/- |
| 8. दाल मखानी | - 340/- |
| 9. जीरा राईस | - 200/- |
| 10. वेज पुलाव | - 220/- |
| 11. वेज बिरयानी | - 240/- |
| 12. चपाती (सादा) | -10/- |
| 13. चपाती (बटर में) | -15/- |

| STARTERS | Per Kg. |
|---|---|
| Chilli Potato | 280/- |
| Honey Chilli Potato | 300/- |
| Chilli Paneer (Dry) | 360/- |
| Chilli Paneer (Gravy) | 360/- |
| Hakka Noodles | 280/- |
| Veg Chowmein | 280/- |
| Veg Manchurian (Dry) | 320/- |
| Veg Manchurian (Gravy) | 320/- |
| Veg Fried Rice | 280/- |
| Mix Veg Pakoda | 320/- |
| Red Sauce Pasta | 350/- |
| White Sauce Pasta | 380/- |

Delivery in Complete Jaipur



श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर
मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु
महेश बैकुंठ रथ
(मोक्ष वाहिनी)
की सेवाएँ संचालित हैं।

सम्पर्क सूत्र
97859-85000, 99502-69470, 96948-68177



नितिन माहेश्वरी
9829028642
विनायक मेडिकल स्टोर
(21 वर्षों से आपकी सेवा में समर्पित)
FREE DELIVERY
माहेश्वरी बंधुओं को सभी दवाईयों पर 15% तक की छूट
3000/- की दवाईयों पर 18% तक की छूट
Call Us
982 9028 642
23, खेतान हॉस्पिटल के सामने, सीकर रोड़, जयपुर

# स्मृतिशेष स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन

विगत दिनों समाज के कुछ बंधु/बहनों का परलोकगमन हो गया। समाज अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से उनके शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएँ प्रेषित हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।


श्री गोविन्द राम अजमेरा
20.08.2025


श्री महेश कालानी
22.08.2025


श्री बसन्त कुमार लखोटिया
24.08.2025


श्री सुरेन्द्र कुमार साबू
27.08.2025


श्री अभिषेक मांधना
28.08.2025


श्रीमती सरिता करवा
29.08.2025


श्री किशनदास लढ्ढा
30.08.2025


श्रीमती विमला मोदानी
31.08.2025


श्री नन्दकिशोर डागा
02.09.2025


श्री लालचन्द मालानी
06.09.2025


श्रीमती प्रेमलता मिम्मानी
07.09.2025


श्री गौरीशंकर अजमेरा
07.09.2025


श्री राधाकिशन मालपानी
13.09.2025


## विद्युत चालित एवं पारदर्शी "जागृति अन्तिम दर्शनिका"

अन्तिम संस्कार में देरी की संभावना हो तो, मृत शरीर को ज्यों का त्यों बिना बर्फ आदि के कई दिनों तक 'जागृति अन्तिम दर्शनिका' में अन्तिम दर्शन हेतु यथास्थिति में आपके घर पर ही रखा जा सकता है। मृत शरीर के डिकम्पोज होने व इससे होने वाले संक्रमण से परिवार व मित्र बच पाते हैं। यह सुविधा 24 घण्टे पूर्ण रूप से नि:शुल्क उपलब्ध है। सम्पर्क सूत्र : -

जयकृष्ण जाजू 9829053031 | सुदर्शन फोमरा 9314036672 | आनन्द दम्मानी 93145 00979

## गणगौर सेवा केन्द्र

★ मेडिकल पलंग ★ व्हील चेयर ★ ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर ★ यूरिन पॉट ★ टॉयलेट पॉट ★ टॉयलेट चेयर ★ वाकर ★ स्टिक ★ बैसाखी ★ बैक रेस्ट ★ वॉटर बेड ★ एयर बेड

मानव सेवार्थ नि:शुल्क (सामान्य अमानती राशि पूर्णत: वापसी योग्य) उपलब्ध

प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक
"गणगौर हाउस", प्लाट नं. 166, सेक्टर - 2, गणेश पार्क के पास, 'उत्सव' माहेश्वरी जनउपयोगी भवन के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर।
☎ 0141-2235363
📞 +91-9314242432, +91-9024088439

प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक
प्लाट नं. G-458C, रोड नं. 12, विश्वकर्मा, जयपुर।
☎ 0141-4015444
📞 +91-9309485200

# कमल डाइग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर

KDRC — KAMAL DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE — JAIPUR

Estt since 2011

0-5, हॉस्पिटल मार्ग, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001

(M): 93140 24888 Ph.: 0141- 2374777, 4039727 E-mail: kdrc2374777@gmail.com



**सुविधाएँ**

- M.R.I.
- C.T. SCAN
- सोनोग्राफी (3D/4D)



- कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्सरे
- ईको
- ई.सी.जी.
- ई.ई.जी
- सी.टी.एम.टी.
- एन.सी.वी.
- बायोप्सी
- एफ.एन.ए.सी.
- ऑडियोमेट्री

एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध

सभी प्रकार के बायोकेमिकल, हेमटोलोजिकल लेबोरेटरी टेस्ट की सुविधाएँ।

**निर्मल मूंदड़ा - 98290-50202**


श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर
(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)
पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39
फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416
Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com
समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)
आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें
CT एवं Digital X-Ray
MBBS, DMRD
2D-ECHO
डॉ. आर.सी. गुप्ता
Sr. Doctor & Gen. Physician
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM
3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा
सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MD, DNB
हृदय रोग विशेषज्ञ
2D-ECHO
8.00 AM on Call
डॉ. विकल्प वशिष्ठ
10.30 AM - On Call
डॉ. मनीष जैन
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
11:30 AM to 12:30 PM
डॉ. ख्याति माहेश्वरी
Phisiotherapist
9 AM to 2 PM
डॉ. नेहा अग्रवाल हापड़िया
B.D.S. (Gold Medalist)
10 AM to 1 PM
स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम
50% OFF FOR ALL MAHESHWARI'S
*TERMS AND CONDITION APPLY
जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं। नोट : सेम्पल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)
PREVENTIVE HEALTH CHECKUP खाली पेट
Special Price ₹2600/-
With Physician Consultation
• CBC
• LIPID PROFILE
• FASTING BLOOD SUGAR
• POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
• BLOOD UREA
• CREATININE
• URIC ACID
• VITAMIN D3
• VITAMIN B12
• T3, T4, TSH
• HBAIC
• LIVER FUNCTION TEST
• ESR
• CALCIUM
• URINE ROUTINE
• PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180
X-Ray Chest PA, ECG
Blood Sugar 35/-
Cholesterol 40/-
SGPT 50/-
Calcium 60/-
CBC 120/-
Thyroid Profile 300/-
Liver Function 250/-
Lipid Profile 300/-
SGOT 50/-
Creatinine 45/-
Urine R/E 50/-
Uric Acid 60/-
E.C.G. 100/-
CRP 150/-
Hb A1C 250/-
RFT 450/-
CARDIO DIABETES PACKAGE खाली पेट
Special Price ₹700/-
• CBC • FASTING BLOOD SUGAR
• POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
• CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
• HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT
WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)
Special Price ₹1299/-
• CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
• BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
• RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
• URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST
MRI 3.0 Tesla से
Special Price ₹3500/-
प्रबंध समिति 2025-2028
उमेश सोनी अध्यक्ष
सी.ए. रोहित माहेश्वरी (परवाल) महामंत्री
डॉ. महेश भूतड़ा स्वास्थ्य मंत्री
मुरारी लाल बिड़ला चेयरमैन
कपिल सोमानी संयोजक
संदीप जाजू समन्वयक




स्वत्त्वाधिकारी श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक- मुद्रक मनोज मूंदड़ा, महामंत्री द्वारा रेनबो प्रिन्टर्स, जयपुर से मुद्रित एवं श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003 से प्रकाशित। सम्पादक- संजय बियानी